RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 ऊंचाई को दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार...

वर्ष : 26 | अंक : 239 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 21 अगस्त, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# आरक्षण पर 'भारत बंद'

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में दलित-आदिवासी संगठनों ने खोला मोर्चा

● बिहार-राजस्थान में असर, पटना में लाठीचार्ज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट के कोटा के अंदर कोटे के फैसले के विरोध में बुधवार को भारत बंद है। इस बंद के मद्देनजर राजस्थान के पांच जिलों जयपुर, भरतपुर, गंगापुर सिटी, दौसा और डीग में स्कूल बंद रहे। बिहार के दरभंगा में जगह-जगह प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। यहां कई जगह पर आगजनी की भी खबर है। बिहार के सहरसा में बंद का बड़ा असर दिखा। यहां आगजनी व चक्काजाम भी किया गया।

आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति (SC) व जनजाति (ST) आरक्षण में क्रीमीलेयर पर दिए गए फैसले के खिलाफ आज कई संगठनों ने भारत बंद का आह्वान किया है। इसके अलावा बसपा और आरजेडी जैसी पार्टियों ने भी बंद का (शेष पृष्ठ-3 पर)




### अखिलेश का समर्थन



समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण श्रेणियों के भीतर उप-वर्गीकरण की अनुमति देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ बुलाए गए भारत बंद को अपना समर्थन दिया।

### कांग्रेस व भाजपा का आरक्षण विरोधी षड़यंत्र : मायावती

बसपा सुप्रीमो मायावती ने भारत बंद को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है और भारत बंद को एक बार फिर समर्थन दिया है। मायावती ने सोशल मीडिया पर एक्स कर कहा- बीएसपी का भारत बंद को समर्थन, क्योंकि भाजपा व कांग्रेस आदि पार्टियों के आरक्षण विरोधी षडयंत्र एवं इसे निष्प्रभावी बनाकर अन्ततः खत्म करने की मिलीभगत के कारण 1 अगस्त 2024 को SC/ST के उपवर्गीकरण व इनमें क्रीमीलेयर सम्बंधी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरुद्ध इनमें रोष व आक्रोश। बसपा सुप्रीमो ने आगे कहा- सुप्रीम कोर्ट ने आगेश को लेकर इन वर्गों के लोगों द्वारा आज 'भारत बंद' के तहत सरकार को ज्ञापन देकर संविधान संशोधन के जरिए आरक्षण में हुए बदलाव को खत्म करने आदि की मांग की जा रही है। उन्होंने यह बंद बिना किसी हिंसा के अनुशासित व शान्तिपूर्ण तरीके से किये जाने की अपील की है। उत्तर प्रदेश की पूर्व उपमुख्यमंत्री मायावती ने कहा- एससी-एसटी के साथ ही ओबीसी समाज को भी आरक्षण का मिला संवैधानिक हक इन वर्गों के सच्चे मसीहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के कड़े संघर्ष का परिणाम है, जिसकी अनिवार्यता व संवेदनशीलता को भाजपा, कांग्रेस व अन्य पार्टियां समझकर इसके साथ भी कोई खिलवाड़ न करें।

## नोएडा-गाजियाबाद में बंद बेअसर



**नोएडा ( चेतना मंच )।** गाजियाबाद व नोएडा में भारत बंद बेअसर दिखाई दिया और सुबह समय पर बाजार में आम दिनों की तरह दुकानें खुली रहीं। वाहनों की आवाजाही भी सामान्य दिखाई दी। गाजियाबाद के शहर के तुराबनगर, सिहानी गेट, राजनगर आरडीसी, घंटाघर समेत विभिन्न बाजारों में चहल-पहल दिखाई दी। व्यापारी संगठन के नेताओं संदीप बंसल, रजनीश बंसल का कहना है कि यहां भारत बंद का कोई असर नहीं है। सभी दुकान और प्रतिष्ठान खुले हैं।



नोएडा में भी बंद का असर नहीं दिखा। व्यापारी संगठनों ने बंद को समर्थन नहीं दिया और नोएडा के प्रमुख बाजार खुले रहे। नोएडा के प्रमुख बाजार सेक्टर-18, सेक्टर-27, ब्रहमपुत्र मार्किट, गंगा शॉपिंग काम्पलेक्स व भंगेल में स्थित बाजारों में दुकानें खुली रहीं। भारत बंद के दौरान नोएडा पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस भी मुस्तैद रही। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर नोएडा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने नोएडा जोन व अन्य क्षेत्रों में पैदल मार्च निकाला। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### इटावा-कानपुर नेशनल हाईवे पर भीषण हादसा

## ड्राईवर को आई झपकी और परिवार हो गया खत्म

**लखनऊ ( एजेंसी )।** इटावा-कानपुर नेशनल हाईवे पर आज सुबह एक भीषण हादसा हो गया। ग्राम पिलखर के पास आगरा की तरफ से आ रही कार पीछे से सड़क के किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। मरने वाले एक ही परिवार के हैं और दिल्ली से महोबा जा रहे थे। हादसा बुधवार सुबह करीब 6:30 बजे हुआ। कार में कुल छह लोग सवार थे, जिसमें एक बच्चा शमिल है। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। हादसे का कारण



चालक को नींद की झपकी आ जाना बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, इकदिल थाना क्षेत्र (शेष पृष्ठ-3 पर)

## चार किशोरियां गायब, अपहरण का शक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गांव में किराए पर रहने वाली एक किशोरी को युवक बहला फुसलाकर कर अपने साथ ले गया। किशोरी के पिता ने युवक व उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गढ़ी चौखंडी गांव में रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने बताया कि 16 अगस्त की शाम को पड़ोस में रहने वाला सुधीर पुत्र राम किशोर उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इस बात की जानकारी मिलने पर जब वह उसके घर पहुंचे तो पता चला कि सुधीर तथा उसके परिवारजन मकान को ताला लगाकर फरार हो गए हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### नाबालिग लड़की लापता

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर में एक महिला ने अपनी नाबालिक बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने इस संबंध में एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जेवर निवासी बीना (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी (15 वर्षीय) बेटी 18 अगस्त की दोपहर को घर से रविवार मार्केट में सामान लेने आई थी। उसके साथ पड़ोस में ही रहने वाली एक और किशोरी भी थी। देर शाम तक जब उनकी बेटी घर नहीं पहुंची तो उन्होंने उसकी तलाश की लेकिन (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 14 वर्षीय बच्चे की तालाब में डूबकर मौत



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-54 स्थित वेटलैंड पार्क (खरगोश पार्क) के तालाब में एक 14 वर्षीय बच्चे की डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने आज गोताखोरों की मदद से बच्चे के शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना सेक्टर-24 पुलिस ने बताया कि चौड़ा गांव निवासी अंकुश (14 वर्ष) पुत्र मिथुन सेक्टर-54 स्थित खरगोश पार्क में मंगलवार को दोपहर अन्य बच्चों के साथ नहाने के लिए गया था। उस दौरान डूबकर उसकी मौत हो गई।

मृतक बच्चे के परिजनों का आरोप है कि उसके दोस्तों ने ही डुबोकर उसकी हत्या की है। पुलिस ने शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की छानबीन कर रही है।

## दो बेटियों के ससुराली मांग रहे बड़ी कार व 20 लाख रुपये

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बादलपुर में एक व्यक्ति ने अपनी बेटियों को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में उसके ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि उसके दोनों दामाद व ससुराल वाले दहेज की मांग पूरी ना होने पर उसकी बेटियों को प्रताड़ित कर रहे हैं।

बरौला गांव के रहने वाले मुनेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने वर्ष-2018 में अपनी दो बेटियों की शादी ग्राम बंबावड निवासी विकास व मनीष पुत्र नरेंद्र के साथ की थी। शादी के समय उसने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन इससे विकास, मनीष व



उनके परिजन संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ समय बाद ही उनकी बेटियों पर मायके से बड़ी गाड़ी व 20 लाख रुपए लाने का दबाव बनाया जाने लगा। इस बात की जानकारी मिलने पर उन्होंने अपने दामाद व उनके परिजनों को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन उनकी प्रताड़ना नहीं थमी। बेटियों के दांपत्य जीवन को बचाने के लिए उन्होंने अपनी वेगनार कार दामादों को चलाने के लिए दे दी। मुनेश का आरोप है कि कुछ दिनों बाद (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 10 लाख न लाने पर पत्नी को घर से निकाला

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दहेज में 10 लाख रुपए न मिलने पर दहेज लोभी पति व उसके परिजनों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने अपने पति सहित 5 लोगों के खिलाफ थाना जेवर में दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। जेवर के एक गांव की रहने वाली विनीता (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 27 नवंबर 2020 को जहांगीरपुर निवासी मनीष के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही उसके प्रति मनीष, सास महेंद्री देवी, जेठ



सुशील, जेठानी रजनी व ननद सरोज ने उसे कम दहेज लाने के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसके पति व ससुराल वाले उस पर मायके से 10 लाख रुपए लाने का दबाव डालने लगे। विनीता के मुताबिक उसके पति व ससुरलवालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## वकील से लूटी सोने की चेन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बाइक सवार बदमाशों ने एक अधिवक्ता के गले से सोने की चेन लूट ली और फरार हो गए। विरोध करने पर बदमाशों ने अधिवक्ता से मोबाइल फोन व बाइक लूटने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाए। अधिवक्ता ने थाना सेक्टर-113 में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-75 की एक सोसाइटी में रहने वाले एडवोकेट इमरान खान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 10 अगस्त को दवाई खरीदने के लिए अपनी बाइक से मार्केट गए थे। सेक्टर-74 की मार्केट से उन्होंने दवाई खरीदी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## महिला प्रोपर्टी डीलर को दी जान से मारने की धमकी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बादलपुर में एक महिला प्रॉपर्टी डीलर ने चार लोगों के खिलाफ पैसे लेकर खरीदी गई जमीन पर जबरन कब्जा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रताप विहार गाजियाबाद निवासी ज्योत्सना ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका कुड़ी खेड़ा मोड पर खाटू श्याम एसोसिएट के नाम से प्रॉपर्टी डीलिंग का ऑफिस है। वह जमीन की खरीद-फरोख्त का काम करती है। उसने एक मार्च 2024 को ग्राम बादलपुर निवासी नवीस, समीर, प्रिंस पुत्र स्वर्गीय रघुराज व उनकी मां श्रीमती मुनेश से साढ़े पांच बीघा जमीन खरीदी थी। उसने इसका रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी कराया था। एग्रीमेंट करने के बाद उसने जमीन की मूल कीमत का 20 प्रतिशत पैसा चारों को अदा (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सीएजी की आपत्तियों पर जबाव तैयार करने में जुटा प्राधिकरण, 29 को बैठक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सीएजी की आपत्तियों पर लोक लेखा समिति इस महीने 29 अगस्त को सुनवाई करेगी। प्राधिकरण के संबंधित विभागों ने आपत्तियों का जबाव तैयार करना शुरू कर दिया है। सीएजी ने वर्ष 2005 से लेकर 2017 तक प्राधिकरण के कामकाज की जांच की थी। इसमें करीब 30 हजार करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया था। इसको लेकर सीएजी ने करीब 200 आपत्तियां लगाई थीं। घोटाले से संबंधित पूरी रिपोर्ट दिसंबर 2021 में विधानसभा में रख दी गई थी। इसके बाद इस मामले में आपत्तियों को लेकर लोक लेखा समिति सुनवाई कर रही है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस बार लोक लेखा समिति व्यावासायिक, ग्रुप हाउसिंग, नियोजन और स्पोर्ट्स सिटी से संबंधित आपत्तियों को लेकर सुनवाई करेगी। पिछले डेढ़ साल में समिति ने पूरी स्पोर्ट्स सिटी को न लेकर सिर्फ एससी-2, सेक्टर-150 भूखंड पर लगी आपत्तियों को लेकर सुनवाई शुरू की थी। इस मामले में करीब सात बार समिति ने लखनऊ में प्राधिकरण अधिकारियों को बुलाकर बैठक की। इस मामले में पिछले साल समिति ने भूखंड पर नक्शे पास करने समेत अन्य रोक हटाने के निर्देश दिए थे।

## यूनिटेक से 13 एकड़ जमीन वापस लेगा प्राधिकरण




**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण यूनिटेक को आंवटित करीब 13 एकड़ जमीन वापस लेने की मुहिम शुरू कर दी है।

दरअसल ग्रुप हाउसिंग प्लाट नंबर जीएच-3 सेक्टर-144 करीब 100,400 वर्गमीटर का आवंटन मार्च 2011 में यूनिटेक को किया गया। मौके पर 96751.50 वर्गमीटर जमीन ही उपलब्ध थी। इस कारण 16 जुलाई 2015 को यूनीटेक के नाम लीज डीड कर दी गई। 23 जुलाई 2015 को आंवटी ने प्लाट पर कब्जा ले लिया।

11 सितंबर 2015 को यूनिटेक के अनुरोध के बाद प्लॉट जीएच-3 को चार भागों में विभाजित किया गया। जिसमें जीएच-3ए, जीएच-3बी, जीएच-3सी और जीएच-3डी है। जीएच-3ए सेक्टर-144 करीब 30,247.4 वर्ग मीटर, और जीएच-3बी, 21,494.8 वर्ग मीटर ये दोनों ही प्लाट यूनिटेक लिमिटेड के पास है। ये दोनों ही प्लाट मौके पर खाली है। इसके अलावा 21,494.8 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला प्लॉट जीएच-3सी, गुलशन होम्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित किया गया। 23,504.50 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला प्लॉट जीएच-3डी, गुलशन होम्स प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित किया गया था।

लीज डीड शर्तों के अनुसार, यूनिटेक को जीएच-3ए और 3बी पर 15 जुलाई 2022 तक परियोजना का निर्माण पूरा करना था। 30 अप्रैल, 2024 तक आंवटी पर इन भूखंडों के लिए 392.82 करोड़ रुपये बकाया थे। इसके अतिरिक्त, टाइन एक्सटेंशन शुल्क अलग था। इनका भुगतान नहीं किया गया। और न ही डेवलपर की ओर से इन दोनों उपविभाजित भूखंडों के लिए कोई विकास योजना लाई गई। साइट पर कोई अनधिकृत निर्माण नहीं हुआ है। इसके अलावा, कोई परियोजना शुरू नहीं की गई है। परिणामस्वरूप इन भूखंडों से कोई घर खरीदार नहीं जुड़ा है। इसके अतिरिक्त 26 अप्रैल, 2024 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश में इन दोनों भूखंडों का उल्लेख नहीं किया गया है। जिससे नोएडा प्राधिकरण के लिए आवंटन रद्द करने और भूमि को पुनः प्राप्त करने का रास्ता साफ हो गया है।

## डिलीवरी ब्वॉय की बाइक चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेज-2 क्षेत्र के पार्क के बाहर से राज रंजन झा की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह स्विग्गी में डिलीवरी का काम करता है। किसी कार्य से वह पार्क आया था और उसने अपने बाइक बाहर खड़ी कर दी थी। कुछ समय बाद जब है पार्क से बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी। इसी थाना क्षेत्र के सेक्टर-81 स्थित शिव शक्ति एनक्लेव में अपनी बहन के घर आए विकास शर्मा की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-53 से चोरों ने खोड़ा निवासी दिलावर सिंह की बाइक चोरी कर ली। दिलावर सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह मेडिकल क्लीनिक पर काम करता है। रोजाना की तरह उसने अपनी बाइक क्लीनिक के बाहर खड़ी की थी।

## 'पेड़ों को हैंगर न बनाए नोएडा प्राधिकरण'

### वन विभाग ने सीईओ व उद्यान निदेशक को भेजा नोटिस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** वन विभाग की ओर से नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और उद्यान निदेशक को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में वन अधिकारी ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच कराई जाए और वहां लगे रिफ्लेक्ट को हटाया जाए।




शिकायत में कहा गया है कि नोएडा प्राधिकरण पेड़ों को एक हैंगर के रूप में प्रयोग कर रहा है। जो रिफ्लेक्टर बोर्ड लगाकर लगाए जाने चाहिए। वहां पेड़ों के तने में कीले लगाकार लगा दिए गए है। जिससे पेड़ों को बड़ा नुकसान हो रहा है। हम पहले भी हजारों की संख्या में रिफ्लेक्टर हटा चुके है। इसकी शिकायत प्राधिकरण से भी कर चुके है। लेकिन कोई हल नहीं निकला। ऐसे में वन विभाग को इसकी जानकारी साक्ष्य के साथ दी गई है।

वन विभाग प्रभागीय अधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ और उद्यान निदेशक को नोटिस जारी किया है। जिसमें लिखा कि तत्काल स्थल का निरीक्षण कराते हुए रिफ्लेक्ट को हटाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया जाए। इस कृत्य के लिए नियमानुसार वैद्यानिक कार्यवाही की जाए। साथ ही पूरे प्रकरण की विस्तार रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

## आरक्षण पर झूठ

आरक्षण पर फर्जी, छद्म, झूठी, अतार्किक कहानियां गढ़ी जा रही हैं। खासकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आरक्षण और उसके आधार संविधान के जरिए मोदी-विरोध की राजनीति कर रही हैं। लोकसभा चुनाव में उनका यह 'हथियार', कमोबेश उप्र और महाराष्ट्र में, कारगर साबित हुआ। राजस्थान में भी भाजपा को कुछ हद तक नुकसान झेलना पड़ा। अब उपचुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी वे इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं। न तो संविधान को खत्म किया जा सकता है और न ही आरक्षण छीना जा सकता है, इसे देश को 'ब्रह्मसत्य' मानना चाहिए। यदि दलित, आदिवासी और ओबीसी के किसी बच्चे को, प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर, आरक्षण की सुविधा न मिले और पहली नौकरी के समय आरक्षण की अनिवार्यता लागू न की जाए, तो वह आरक्षण-विरोध है। उस पर आंदोलित भी होना चाहिए और अदालत का दरवाजा भी खटखटाना चाहिए, लेकिन भारत सरकार जिन शीर्ष पदों पर 'विशेषज्ञों' की सीधी भर्ती करना चाहती है, वे सामान्य आरक्षण के दायरे में नहीं हैं। संयुक्त सचिव 10 और निदेशक/ उपसचिव की 35 भर्तियां सरकार करेगी। उसका विज्ञापन भी सार्वजनिक किया गया है। यह कवायद पहली बार नहीं की जा रही है। इस सूची में पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का नाम भी है, जिन्हें 'विशेषज्ञ अर्थशास्त्री' के कारण तत्कालीन केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर बनाया था। फिर 'योजना आयोग' का उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया था। 1991 में जब वह केंद्रीय वित्त मंत्री बने, तो वित्त सचिव के पद पर उन्होंने मोंटेक सिंह आहलूवालिया को मांगा था। मोंटेक आईएएस नहीं थे, फिर भी देश के वित्त सचिव बनाए गए। बाद में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार में उन्हें 'योजना आयोग' का उपाध्यक्ष भी बनाया गया। इसी सूची में रघुराम राजन, विमल जालान, नंदन नीलेकणि, सैम पित्रोदा, एनटीपीसी के चेयरमैन रहे पी. कपूर आदि सैकड़ों नाम दर्ज हैं, जिन्हें सरकार ने सीधे ही नौकरशाही के वरिष्ठ पदों पर नियुक्त किया था। ऐसी नौकरियां 1968 से दी जा रही हैं और अधिकतर कांग्रेस सरकारों के दौरान ही दी गई हैं। तब संविधान को खत्म करने और आरक्षण को छीनने के मुद्दे नहीं उठाए गए। अब भी सीधी भर्ती वाले 57 शीर्ष अधिकारी भारत सरकार में कार्यरत हैं। इन भर्तियों से आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस आदि के युवा दावेदार कहीं भी प्रभावित नहीं होंगे। यह मुद्दा राहुल गांधी बार-बार उठा रहे हैं। भारत सरकार में जो अधिकारी आज सचिव के पद पर हैं, वे 1990 के दशक में आईएएस बने होंगे। आरक्षण तब लागू हुआ होगा, नतीजतन 3-4 सचिव आज अनुसूचित जाति और जनजाति के भी हैं। इस व्यवस्था में प्रधानमंत्री भी कुछ नहीं कर सकता। संघ लोक सेवा आयोग की अपनी स्वायत्तता है। लोकतंत्र में जनादेश ही अधिकार देता है। जनादेश से जिसकी सत्ता बनी है और प्रधानमंत्री, कैबिनेट आदि तय हुए हैं, तो संविधान उन्हें कुछ विशेषाधिकार भी देता है। पहले तो प्रधानमंत्री ही तमाम संवैधानिक पदों पर नियुक्ति करते थे। अब कमोबेश नेता प्रतिपक्ष भी चयन समिति के सदस्य हैं। लिहाजा सीधी भर्तियां भी सरकार कर सकती है। इसमें कुछ भी असंवैधानिक नहीं है। यदि विपक्ष को कुछ गलत लगता है, तो वह सर्वोच्च अदालत में चुनौती दे सकता है। सचिव की बात छोड़ भी दें, तो संयुक्त सचिव पद के लिए भी कमोबेश 15 साल का अनुभव अनिवार्य है। निदेशक/ उपसचिव के लिए भी 10 साल का अनुभव जरूरी है। जो युवा आज आईएएस बन रहे हैं अथवा बनना चाहते हैं, उन्हें शुरुआती दौर में एसडीएम या सहायक कलेक्टर आदि पदों पर नियुक्त किया जा सकता है। सरकार अपेक्षाकृत वरिष्ठ पदों पर विशेषज्ञों के अनुभव का लाभ उठाना चाहती है। ऐसे विशेषज्ञ भी दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग के हो सकते हैं। आरक्षण को इतना संकीर्ण न बनाया जाए और न ही देश को गुमराह किया जाए, क्योंकि ऐसी राजनीति 'क्षणिक' होती है।

# इतिहास के उन ओझल पन्नों की याद

अगस्त का महीना हमारी आजादी के इतिहास को ही समेटे नहीं है, बल्कि इस महीने के साथ कई क्रांतियों का गौरवमयी इतिहास भी समाहित है। तारीख में उन घटनाओं को तवज्जो तो मिली है, लेकिन भावी इतिहास के संदर्भ में उनके असर को अहमियत नहीं दी गई है। बलिया, तामलुक और सतारा की क्रांतियों और वहां स्वाधीन भारत से पहले ही सुराजी या स्थानीय सरकार की स्थापनाओं ने भावी इतिहास पर कितना असर डाला, इस नजरिए से उन्हें नहीं देखा-समझा गया।

नौ अगस्त 1942 की सुबह मुंबई में कांग्रेस के पूरे शीर्ष नेतृत्व को गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस के मुंबई अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए आ रहे वालंटियर और कार्यकर्ताओं को या तो रास्तों के स्टेशनों पर ही उतार दिया गया या फिर गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पहले की रात को कांग्रेस 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव स्वीकार कर चुकी थी। संदर्भ के लिए बता दें कि 'भारत छोड़ो' का नारा कांग्रेस में सक्रिय समाजवादी धड़े के युवा नेता युसूफ मेहर अली ने दिया था। चूंकि आज की तरह उन दिनों संचार के माध्यम नहीं थे, लिहाजा गांधी, नेहरू, पटेल समेत तमाम कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व की गिरफ्तारी की खबरें देर से देश के सुदूरवर्ती इलाकों में पहुंचीं। जैसे-जैसे ये जानकारी पहुंची, इलाकों में अंग्रेज सरकार के खिलाफ बढ़ता चला गया।

यूरोपीय देशों की सभ्यता की इतिहासकार जब भी चर्चा करते हैं, ब्रिटिश और फ्रेंच समाज को सबसे ज्यादा सुसंस्कृत माना जाता है। लेकिन ब्रिटिश समाज कितना सभ्य था, इसे भारत में किए उसके दमन से समझा जा सकता है। दिलचस्प यह है कि बयालिस की क्रांति के दौरान ही दूसरा विश्व युद्ध जारी था। यूरोप में हिटल को नाजी बताकर ब्रिटिश सेनाएं उसके विरोध में युद्धरत थीं। तब जर्मन शासक हिटलर यूरोप की नजर में असभ्य था। हिटलर को असभ्य और अमानवीय बताने वाली ब्रिटिश सरकार भारत में उन्हीं दिनों हिटलर जैसा ही कहर ढा रही थी। इतिहास में बयालिस की क्रांति और अंग्रेजों के दमन को इस नजरिए से भी कभी व्याख्यायित नहीं किया गया।

बयालिस के आंदोलन के दौरान अंग्रेजों का दमनचक्र हर उस इलाके में पूरी क्रूरता के साथ चला, जहां के लोगों ने सुराज के लिए आवाज बुलंद की। बलिया को कुछ ज्यादा ही दमनचक्र से गुजरना पड़ा। इसकी वजह यह रही कि बलिया ने खुद को आजाद घोषित कर दिया। 18 अगस्त को बैरिया, रसड़ा, सुखपुरा आदि जगहों पर हुई अंधाधुंध गोलीबारी और उसमें नौजवानों और छात्रों के बलिदान से बलिया का खून खौल उठा। तकरीबन करीब दस लाख की आबादी सड़कों पर उतर आई। रेलवे लाइनें उखाड़ डाली गईं, थाने और तहसील लूट लिए गए। दिलचस्प यह है कि तब बलिया के कलेक्टर कोई अंग्रेज नहीं, भारतीय जगदीश्वर चंद्र निगम थे। लोगों का गुस्सा इतना बढ़ा कि निगम को हारकर बलिया जेल में बंद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चित्तू पांडेय को छोड़ना पड़ा। 19 अगस्त के दिन बलिया ने खुद को आजाद घोषित कर दिया और चित्तू पांडेय उस सरकार के मुखिया बने, जबकि क्रांतिकारी महानंद मिश्र पुलिस प्रमुख। इस आजादी के बाद जिस व्यवस्था ने पांच-छह दिनों तक व्यवस्था चलाई, उसे 'सुराजी सरकार' नाम दिया गया था।

बलिया के साथ मिदिनापुर के तामलुक और महाराष्ट्र के सतारा में भी ऐसी ही देसी सरकारें बनीं। तीनों जगह पांच से लेकर हफ्तेभर में अंग्रेजी हुकूमत ने कब्जा कर लिया और उसके बाद जो दमन चक्र चला, सिहरन के साथ उसे याद करने वाली पीढ़ी भी अपनी उम्र पूरी करके दुनिया को विदा कह चुकी है। इसके बावजूद वह दमन बलिया के लोगों के रगों में आज भी दौड़ रहा है।

ब्रिटिश 23 अगस्त की रात में संयुक्त प्रांत के ब्रिटिश गवर्नर हैलेट ने बनारस के कमिश्नर नेदर सोल को बलिया का प्रभारी जिलाधिकारी बना कर बलूच फौज के साथ भेजा..इसी दिन दोपहर में बक्सर की ओर से जलमार्ग से मार्क स्मिथ और 24 अगस्त की सुबह आजमगढ की ओर से कैप्टन मूर के नेतृत्व में ब्रिटिश फौज बलिया पहुंची और फिर वह बलिया में हिटलर की नाजी सेना बन गई। दमन के आगे निहत्थी जनता कितने दिन तक टिकती। बलिया का सत्ताहस्तांतरण खारिज करके उस पर ब्रिटेन का कब्जा कर लिया गया। हैलट ने ब्रिटिश भारत के सचिव को अगस्त 42 के आखिर में बलिया पर कब्जे का टेलीग्राम भेजा और बीबीसी ने इस पर खबर प्रसारित की।

बलिया की आजादी और हिंसा को लेकर सवाल भी उठाए गए। जाहिर है कि सवाल उठाने वाले ब्रिटिश सभ्यता पोषक ही थे। लेकिन अहिंसा के पुजारी गांधी ने उन सवालों को खारिज कर दिया था। उन्होंने बलिया की घटनाओं के लिए ब्रिटिश सरकार के दमन और अत्याचार को ही जिम्मेदार बताया था। अहमदनगर जेल से छूटते ही बलिया को लेकर जवाहर लाल नेहरू ने जो कहा था, वह भी अहम है। उन्होंने कहा था कि उस हालात में वे भी ऐसा ही करते, जैसा बलिया वालों ने किया।



*यूरोपीय देशों की सभ्यता की इतिहासकार जब भी चर्चा करते हैं, ब्रिटिश और फ्रेंच समाज को सबसे ज्यादा सुसंस्कृत माना जाता है। लेकिन ब्रिटिश समाज कितना सभ्य था, इसे भारत में किए उसके दमन से समझा जा सकता है।*

इस घटना के दो दशक पहले असहयोग आंदोलन के दौरान भी बलिया पर ब्रिटिश सरकार के अत्याचार झेलने पड़े थे। गांधी जी को इसकी रिपोर्ट उनके सबसे छोटे बेटे देवदास गांधी ने भेजी थी, जिसके आधार पर गुजराती नवजीवन में गांधी जी ने बलिया पर लेख लिखा था। पूरी दुनिया बलिया को अक्खड़ बताती है, लेकिन इस लेख में गांधी जी बलिया वालों को सज्जन बताते हैं। 1925 में बलिया पहुंचे जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि वे बलिया की सरजमीं को चूम लेना चाहते हैं।

इतिहास को बदलने में इन घटनाओं की अहम भूमिका रही है। इनके चलते आंदोलनकारी इलाकों ने इतिहास ही नहीं, बाद के दौर में भी कीमत चुकाई है। यह कीमत कभी पिछड़ापन के रूप में दिखती है तो कभी मूल्यांकन की कमी के रूप में। इतिहास की खासियत है कि वह नए संदर्भों में फिर से नए सिरे से उठ खड़ा होता है। यह इतिहास उठ रहा है और अपना हक मांग रहा है।

**- उमेश चतुर्वेदी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वह ( राम सुयश रूपी ) जल सत्कर्म रूपी धान के लिए हितकर है और श्री रामजी के भक्तों का तो जीवन ही है। वह पवित्र जल बुद्धि रूपी पृथ्वी पर गिरा और सिमटकर सुहावने कान रूपी मार्ग से चला और मानस ( हृदय ) रूपी श्रेष्ठ स्थान में भरकर वहीं स्थिर हो गया। वही पुराना होकर सुंदर, रुचिकर, शीतल और सुखदाई हो गया॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-सुठि सुंदर संबाद बर बिरचे बुद्धि बिचारि।**
**तेइ एहि पावन सुभग सर घाट मनोहर चारि॥**

इस कथा में बुद्धि से विचारकर जो चार अत्यन्त सुंदर और उत्तम संवाद (भुशुण्डि-गरुड़, शिव-पार्वती, याज्ञवल्क्य-भरद्वाज और तुलसीदास और संत) रचे हैं, वही इस पवित्र और सुंदर सरोवर के चार मनोहर घाट हैं॥

**सप्त प्रबंध सुभग सोपाना। ग्यान नयन निरखत मन माना॥**
**रघुपति महिमा अगुन अबाधा। बरनब सोइ बर बारि अगाधा॥**

सात काण्ड ही इस मानस सरोवर की सुंदर सात सीढ़ियाँ हैं, जिनको ज्ञान रूपी नेत्रों से देखते ही मन प्रसन्न हो जाता है। श्री रघुनाथजी की निर्गुण (प्राकृतिक गुणों से अतीत) और निर्बाध (एकरस) महिमा का जो वर्णन किया जाएगा, वही इस सुंदर जल की अथाह गहराई है॥

**राम सीय जस सलिल सुधासम। उपमा बीचि बिलास मनोरम॥**
**पुरइनि सघन चारु चौपाई। जुगुति मंजु मनि सीप सुहाई॥**

श्री रामचन्द्रजी और सीताजी का यश अमृत के समान जल है। इसमें जो उपमाएँ दी गई हैं, वही तरंगों का मनोहर विलास है। सुंदर चौपाइयाँ ही इसमें घनी फैली हुई पुरइन (कमलिनी) हैं और कविता की युक्तियाँ सुंदर मणि (मोती) उत्पन्न करने वाली सुहावनी सीपियाँ हैं॥

(क्रमशः..)

## माहौल बनाओ, छात्रों का पलायन रोको

आज स्कूलों में शिक्षा मुफ्त है, वर्दी मुफ्त है,भोजन मुफ्त है, दवाइयां मुफ्त है, स्कॉलरशिप है, परंतु हालात-ए-हाजिर बताते हैं कि प्रदेश के सरकारी स्कूल घटती हुई छात्र संख्या की समस्या से दो-चार है। सोचा क्या था और हो क्या गया, ये परेशानी का सबब है। निस्संदेह कोई भी नीति बेहतरी के लिए ही बनाई जाती है, परंतु परिणाम सफलता-असफलता तो जमीनी कार्यान्वयन व प्रदर्शन पर निर्भर करते हैं। शिक्षा नीति कोई भी हो, अमलीजामा तो उसे स्कूल में कार्यरत अध्यापक ने पहनाना है। ग्राउंड जीरो पर तैनात वह क्या करता है, यही शिक्षा की दशा को निर्धारित करता है। सरकारी स्कूलों में घटती छात्र संख्या का एक बहुत बड़ा तत्त्व है स्कूलों की साख, जो माहौल और वर्क कल्चर पर निर्भर करती है। यदि माइक्रो लैवल पर हर एक स्कूल छोटी-छोटी बातों पर खुद का ध्यान केंद्रित करे, तो निस्संदेह स्थिति सुधरने की संभावना है क्योंकि छोटे-छोटे सुधार ही बड़े-बड़े सुधारों के आधार बनते हैं। वो ऐसा है कि किसी स्कूल में सवेरे छात्रों के प्रवेश से ले कर उनके गृह प्रस्थान तक जो-जो भी घटता और चलता है, उसकी खबर हर शाम उतने घरों तक पहुंचती है, जितने घरों के बच्चे वहां पढने आते हैं। इस तरह समाज में उस स्कूल की एक छवि बन जाती है। ये बात हर अध्यापक को गांठ बांध लेनी चाहिए कि अन्य विभागों के दफ्तरी समय की तरह स्कूलों का कार्य शुरू नहीं होता, बल्कि पहली घंटी बजने के साथ हो जाता है। उससे भी पहले कहा जाए तो गलत नहीं होगा। उदाहरणतः यदि स्कूल का समय दस बजे का है, तो बहुत से छात्र साढ़े नौ बजे के आसपास ही स्कूल पहुंच जाते हैं क्योंकि छात्र विभिन्न क्षेत्रों से बसों में आते हैं जिनका समय अलग-अलग होता है। इस बीच स्कूल में अगर कोई देखरेख करने वाला अध्यापक मौजूद नहीं है, तो जाहिर है अव्यवस्था का माहौल होगा। बच्चे तो बच्चे होते हैं, बचकानी हरकतें कर सकते हैं। यही वह समय होता है, जब छात्र अवांछित गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं, जिनमें लड़ाई-झगड़ा, नशे का सेवन, छात्राओं से छेडखानी की घटनाएं शामिल हैं।

ऐसे में अच्छे छात्रों की भी इन गतिविधियों में शामिल होने की संभावना बढ़ जाती हैं और चमकते हुए चांद टूटे हुए सितारे बन जाते हैं, क्योंकि सभी छात्र इतने परिपक्व तो नहीं होते कि रहीम जी के चंदन के वृक्ष बन जाए, जिन पर भुजंगों का असर नहीं होता। बहुत से सेब की तरह भी होते हैं, जो एक सड़े हुए सेब की सोहबत में सड़ जाते हैं। अतः विद्यालय प्रमुख को चाहिए कि दैनिक आधार पर बारी-बारी से अध्यापकों को सवेरे छात्रों की निगरानी के लिए तैनात करे। प्रातःकालीन सभा किसी भी स्कूल का आईना होती है। जितनी बेहतर यह सभा होगी, उतनी बेहतर उस स्कूल की छवि समाज में बनती है। इस समय छात्रों का टर्नआॅऊट व क्रियाकलाप कैसा है, इस बात का ध्यान रखना अध्यापकों का दायित्व बन जाता है। यह समय अध्यापकों के लिए छात्रों से संवाद करने का सबसे बढिया मौका होता है। कक्षा में ही नहीं, कक्षा के बाहर आध्यापकों का छात्रों से संवाद का लहजा कैसा है, यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। प्रातः कालीन सभा पर स्कूल के आसपास रहने वाले लोगों की नजर रहती है। यह स्कूल के हर अध्यापक का कर्त्तव्य है कि वह छात्रों से संवाद करे व उनके सर्वांगीण विकास में मदद करें। प्रातःकालीन सभा के क्रियाकलाप जैसे समाचार वाचन, भाषण, प्रार्थना, राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत यदि बेहतरीन हो जाए, तो स्कूल की छवि में चार चांद लग जाते हैं। इससे पूरे क्षेत्र में स्कूल के बारे में सकारात्मक संदेश जाता है। इसी तरह छुट्टी का समय भी महत्त्वपूर्ण है। इस समय अध्यापकों का छात्रों से पहले कक्षा से बाहर आना अखरता है और यह भी एक अराजक स्थिति पैदा करता है। सुनिश्चित किया जाए कि छात्रों के स्कूल से बाहर निकलने से पहले अध्यापक स्कूल न छोड़ें। यह सुनिश्चित हो कि छात्र तरतीब से बाहर निकले अर्थात कक्षावार बाहर निकलें न कि एक साथ। इन बातों पर विद्यालय प्रमुख की निगरानी नित्तांत आवश्यक है।

अध्यापक के छुट्टी पर होने से खाली कक्षाओं का समायोजन नियमित रूप से होना चाहिए। जब कोई वैकल्पिक विषय का पीरियड होता है, तो अकसर छात्र कमरे बदलते हैं। उस समय भी अध्यापक सुनिश्चित करें कि छात्रों की आवाजाही के बाद ही कक्षा से बाहर आएं अन्यथा रोज अफरा तफरी का माहौल बना रहेगा। ये बात भी जरूरी है कि स्कूलों में छात्रों के बहुआयामी विकास के लिए गतिविधियां होती रहें। जहां संख्या माकूल है, वहां छात्रों को विभिन्न सदनों में बांटा जाए और अंतर सदन प्रतियोगिताओं के आयोजन में अध्यापक निरंतर रुचि दिखाएं। कम संख्या वाले स्कूलों में अंतर कक्षा स्पर्धाएं करवाई जा सकती हैं। विभिन्न अंतर विद्यालय खेल, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में स्कूल का क्या प्रदर्शन रहता है, इस बात से भी स्कूल की छवि बनती है। विद्यालय में चल रही एनएसएस, स्काउट एंड गाइड, एन सी सी, इको क्लब इत्यादि इकाइयों का निरंतर क्रियाशील होना भी आवश्यक है। कहीं फोटो खींच कर ही इतिश्री करने का काम तो नहीं हो रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकारी अध्यापक डिमोटिवेटिड सा हो गया है। अतः जिला व राज्य स्तर पर समय-समय पर अध्यापकों के लिए मोटिवेशनल कार्यशाला या सेमिनार का आयोजन किया जाए। हर विद्यालय से एक अध्यापक को इस कार्य के लिए तैयार किया जाए व हर स्कूल में एक मोटिवेशनल सैल हो। माना सरकारी स्कूलों में छात्रों विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं, परंतु अपने बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा हर माता-पिता की चाहत होती है। यदि उन्हें बेहतर शिक्षा नहीं मिल रही, तो गरीब होते हुए भी वे अपना पेट काट कर अपने बच्चे को अधिक फीस वाले प्राइवेट स्कूल भेजना चाहेंगे। अतः हर अध्यापक को अपने-अपने स्तर पर जुगत लगानी होगी, अन्यथा स्कूल की घंटी नहीं बल्कि स्कूल से घंटी बज जाएगी।

**-जगदीश बाली**
**स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल

**भाद्रपद कृष्ण पक्ष : द्वितीया** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मानसिक स्थिति थोड़ी विवादित रहेगी। प्रेम, संतान मध्यम रहेगा। व्यापार आपका सही चलता रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
व्यावसायिक स्थिति उतार-चढ़ाव में बनी रहेगी। पिता का साथ होगा लेकिन कुछ न कुछ कमी महसूस करेंगे।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
अपमानित होने का भय रहेगा स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी रहेगी। व्यापार भी सही चलता रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। बच के पार करें। स्वास्थ्य मध्यम है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वयं के स्वास्थ्य पे ध्यान दें। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी रहेगी।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कार्यों में विघ्न बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम, व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं से बचें। विद्यार्थियों के लिए थोड़ा सा नकारात्मक समय होगा। प्रेम संतान मध्यम।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी में परेशानी रहेगी। भौतिक सुख-सुविधा में बहुत अच्छी स्थिति नहीं रहेगी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
स्वास्थ्य मध्यम है। नाक, कान, गला की परेशानी हो सकती है। भुजाओं में थोड़ी प्रॉब्लम हो सकती है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
निवेश करने से बचें। कोई रिस्क न लें आर्थिक मामले में। स्वास्थ्य मध्यम, मुख रोग के शिकार हो सकते हैं।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम रहेगी। व्यापार मध्यम रहेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
खर्च की अधिकता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। पार्टनरशिप की प्रॉब्लम रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम, सर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है।

# 8वीं के छात्र को शिक्षक ने बुरी तरह पीटा, डीएम व पुलिस से की शिकायत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** फेस-2 थाना क्षेत्र स्थित इंद्रप्रस्थ ग्लोबल स्कूल में एक शिक्षक द्वारा 8वीं कक्षा के छात्र के साथ पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित छात्र के अभिभावकों ने पुलिस में इसकी लिखित शिकायत की। वहीं जिलाधिकारी को भी शिकायत की है।

सेक्टर-93ए निवासी धीरेन प्रकाश डोगरा ने आरोप लगाया कि मेरा बेटा नीलेन प्रकाश डोगरा एक्सप्रेसवे स्थित इंद्रप्रस्थ ग्लोबल स्कूल में 8वीं का छात्र है। 8 अगस्त को स्कूल में शूटिंग की प्रैक्टिस चल रही थी। मेरे बेटे से अनजाने में शूटिंग पिस्टल चल गई। जिससे एक छर्रा शूटिंग कोच के पैर में लग गया। उसी वक्त मौके पर पहुंचे शिक्षक अजय शुक्ला ने उनके बेटे को बुरी तरह पीटा तथा प्रिंसिपल ने बच्चे को स्कूल से निष्कासित कर दिया। शिकायत करने पर प्रिंसिपल ने कोई संज्ञान नहीं लिया।



उन्होंने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को जांच के लिए मामला सौंप दिया। इस मामले की लिखित शिकायत भी फेस-2 थाने में की। पीड़ित छात्र के पिता का कहना है कि किसी भी छात्र के साथ शारीरिक दंड देने पर पूरी तरह प्रतिबंध के सरकारी आदेश के बाद भी शिक्षक ने उसके बेटे के साथ बुरी तरह मारपीट की जिससे वह अवसाद में है। उन्होंने मांग की है कि शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

उनका कहना है कि सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट दिख रहा है कि उनके बेटे से अनजान में पिस्टल चली जिससे कोच को मामूली खरोंच आई। फिर भी उनके बेटे को बुरी तरह पीटा गया।

# पर्यटन मंत्रालय के अधिकारियों को ट्रेनिंग देगा एमिटी

## एमिटी व पर्यटन मंत्रालय के बीच हुआ समझौता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय ने कामकाजी पेशेवरों के लिए आवासीय अल्पकालिक सम्मेलन प्रबंधन विशेषज्ञ कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के इंडिया कन्वेंशन प्रमोशन ब्यूरो के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रैवल एंड टूरिज्म द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 से 14 सितंबर 2024 तक एमिटी यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित किया जाएगा और प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 40 अधिकारियों के पहले बैच को सम्मेलन विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

इस समझौता पत्र पर एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश की वाइस चांसलर डॉ. बलविंदर शुक्ला की उपस्थिती में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के इंडिया कन्वेंशन प्रमोशन ब्यूरो (आईसीपीबी) के कार्यकारी निदेशक अनुज वाधवा और एमिटी विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलसचिव डा आर के कपूर ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ हॉस्पीटैलिटी और टूरिस्म के डीन डा एम सजनानी और आईसीपीबी के उपाध्यक्ष अमरेश तिवारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए भारत सरकार के



पर्यटन मंत्रालय के इंडिया कन्वेंशन प्रमोशन ब्यूरो (आईसीपीबी) के कार्यकारी निदेशक अनुज वाधवा ने कहा कि आईसीपीबी को एमिटी विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके खुशी हो रही है क्योंकि एमिटी विश्वविद्यालय, न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है। भारत आज सभी प्रकार और पैमाने के सम्मेलनों और बैठकों के लिए सबसे तेजी से बढ़ते पर्यटन गंतव्यों में से एक है और आईसीपीबी में हमारा लक्ष्य भारत को बैठकों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों के लिए एक अग्रणी पर्यटन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है।

एमिटी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश की वाइस चांसलर डॉ. बलविंदर शुक्ला ने कहा कि एमिटी हमेशा अन्य संगठनों के साथ सहयोग करता है ताकि दोनों संगठन एक-दूसरे के लिए परस्पर लाभकारी हो सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने, अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ाने और उन्हें उद्योग के लिए तैयार करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

# हिआमो ने किया सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत

## एससी/एसटी आरक्षण पर कुछ जातियों का ही वर्चस्व : दयाराम जाटव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भंगेल के चौक पर इकट्ठे होकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। इस अवसर पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर के प्रदेश अध्यक्ष दयाराम जाटव ने कहां कि आरक्षण का लाभ समाज के हर दलित वर्ग को मिलना चाहिए। कुछ जाति के लोगों ने आरक्षण पर कुंडली मारकर बैठ गए हैं ,और सिर्फ दो चार जातियों को ही लाभ मिल रहा है। दलित समाज में कुछ ऐसी भी जातियां आती हैं जिनके बच्चे आज भी नहीं पढ़ पा रहे हैं। जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है, हमारे पार्टी के विचारधारा गरीबों के हित में है हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा वंचित शोषित समाज की लड़ाई लड़ रहा है , जो आज तक अपना अधिकारों से वंचित किए गए हैं।



जिलाध्यक्ष अनिल भाटी ने कहा आरक्षण का फायदा सिर्फ कुछ ही जातियां ले रही हैं हमारी पार्टी के संस्थापक जीतन राम मांझी ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया।

इस मौके पर धर्मेंद्र गौतम, तेज सिंह प्रधान, गोपाल, अजय कुमार, आशीष कुमार, मेघा भारती, प्रिया सिंह, गीता देवी, वीरेंद्र सिंह गुर्जार, प्रदीप कुमार शर्मा, ओपी कनेरा, नुकुल भाटी, सोनू भाटी, जयवीर भाटी, उपदेश कुमार, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# अध्यक्ष कुंभ मेला के लिए चलाई जाएगी 900 रेल गाड़ियां

**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** रेलवे बोर्ड अध्यक्षा एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्रीमती जया वर्मा सिन्हा ने कुंभ मेला-2025 की तैयारियों की समीक्षा के लिए प्रयागराज जंक्शन, फाफामऊ जंक्शन, प्रयाग जंक्शन, प्रयागराज संगम स्टेशनों का निरीक्षण किया।

प्रयागराज जंक्शन पर निरीक्षण के दौरान वहाँ स्थापित कंट्रोल टावर से क्राउड मैनेजमेंट प्लान के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत प्रयागराज जंक्शन स्टेशन के क्रू एंड गार्ड लाबी के काउंसलिंग कक्ष में प्रेस वार्ता की। उन्होंने प्रयागराज रामबाग, झूंसी एवं गंगा ब्रिज संख्या 111 का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, उपेन्द्र चन्द्र जोशी; उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी; पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सुश्री सौम्या माथुर; मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, हिमांशु बडोनी; मंडल रेल प्रबंधक, लखनऊ/उत्तर रेलवे, एस.एम. शर्मा एवं मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी/पूर्वोत्तर रेलवे, विनीत कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।



कुंभ मेला-2025 के दौरान आने वाले श्रद्धालु प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नैनी, प्रयाग जंक्शन और सूबेदारगंज, प्रयागराज रामबाग, झूंसी, प्रयागराज जंक्शन, फाफामऊ जंक्शन, रेलवे स्टेशन से यात्रा करेंगे । अध्यक्षा, रेलवे बोर्ड ने निरीक्षण के दौरान इन सभी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सुरक्षा और सुविधाओं का इंतजाम, वैकल्पिक योजनाओं एवं निर्माणाधीन कार्यों का जायजा भी लिया और आवश्यक निर्देश भी दिये।

प्रेसवार्ता के दौरान अध्यक्षा, रेलवे बोर्ड ने बताया कि कुंभ मेला -2025 के लिए तयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कुम्भ मेला के दौरान रेलवे श्रद्धालुओं की यात्रा को सुखद बनाने के लिए 900 से अधिक विशेष गाड़ियाँ चलाने की योजना पर कार्य कर रहा है । रेलवे बोर्ड अध्यक्षा ने बताया कि रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत किया जा रहा है महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही के लिए रेलवे ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के साथ मिलकर मूवमेंट प्लान तैयार किया है। प्रयागराज जंक्शन स्टेशन को विकसित किया जा रहा है। सिविल लाइंस साइड का पुनर्निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और महाकुंभ से पहले इसे पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही,अगले दो वर्षों में सिटी साइड का निर्माण कार्य भी पूरा हो जाएगा। इन सभी तैयारियों के साथ,रेलवे महाकुंभ 2025 के आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

अध्यक्षा रेलवे बोर्ड, श्रीमती जया वर्मा सिन्हा ने पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सुश्री सौम्या माथुर के साथ प्रयागराज के संगम में लगने वाले आगामी महाकुम्भ-2025 मेला में यात्रियों की सुविधा के लिए किए जाने वाले कार्यों एवं कार्ययोजना का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति देखी।

## पार्किंग से बाइक चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-62 की एक कंपनी में काम करने वाले व्यक्ति की बाइक पार्किंग से चोरी हो गई। पीड़ित ने अपनी बाइक कंपनी के बाहर पार्किंग में खड़ी की थी। राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद निवासी शिवम सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर-62 स्थित गोदरेज कैपिटल कंपनी में काम करता है। बीते शनिवार को उसने अपनी बाइक कंपनी के बाहर पार्किंग में खड़ी की और भीतर चला गया। शाम को ड्यूटी खत्म करने के बाद वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## गांजा के साथ पकड़ा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने मादक पदार्थों के एक विक्रेता को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से गांजा बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी अनुज सैनी ने बताया कि गश्त कर रही पुलिस टीम को सूचना मिली कि बरौला टी पॉइंट के पास सर्विस रोड पर एक गांजा विक्रेता खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मुखबिर के इशारे पर एक व्यक्ति को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 2 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम तरुण चौहान उर्फ चीकू पुत्र टेकराम चौहान निवासी ग्राम बरौला बताया।

## पृष्ठ एक के शेष....

**आरक्षण पर...**

समर्थन किया है। दरअसल, दलित और आदिवासी संगठनों ने हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व और सुरक्षा की मांग को लेकर बंद बुलाया है। दलित और आदिवासी संगठनों के राष्ट्रीय परिसंघ (NAC-DAOR) ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के लिए न्याय और समानता सहित मांगों की एक लिस्ट जारी की है।

झारखंड के रांची में भी भारत बंद का असर देखने को मिल रहा है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है. इस बंद के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए कोटा के भीतर कोटा को लेकर दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने भारत बंद का आह्वान किया है। दलित और आदिवासी संगठनों ने अदालत से इस फैसले को वापस लेने की मांग की है। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति और राजस्थान के एससी/एसटी समूह इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बंद के आह्वान के बावजूद सरकारी कार्यालय, बैंक, स्कूल, कॉलेज और पेट्रोल स्टेशन खुले रहे। बसपा समेत कई पार्टियां इस बंद का समर्थन कर रही हैं। बिहार के पटना में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया।

उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में भारत बंद में लोगों ने रैली निकाली। बता दें कि आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के विरोध में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति आज एक दिन का भारत बंद कर रही है।

**नोएडा-गाजियाबाद...**

भारत बंद के दौरान नोएडा के व्यापारिक संगठन बंद से दूर रहे। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल तथा उत्तर प्रदेश व व्यापार मंडल व अन्य व्यापारिक संगठनों ने बंद का समर्थन नहीं किया। उत्तर प्रदेश व व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने व्यापारियों से अपनी दुकानें खोलने के लिए कहा और कहा कि यदि कोई भी संगठन जबरन दुकानें बंद कराने का प्रयास करता है तो उसकी शिकायत वह पुलिस व संगठन के पदाधिकारियों से करें।

नोएडा में भारत बंद के समर्थन में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कुछ स्थानों पर प्रदर्शन किया। वहीं कार रैली भी निकाली।

**चार किशोरियां...**

सुधीर व उसके पिता राम किशोर के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है।

थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सदरपुर गांव में किराए पर रहने वाली एक किशोरी को पड़ोसी युवक भगाकर ले गया। किशोरी की मां ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। झारखंड की रहने वाली प्रिया (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने परिवार के साथ वर्तमान में सदरपुर गांव में किराए पर रह रही है। उसकी (17 वर्षीय) बेटी को प्रहलाद नाम का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया।

थाना दादरी क्षेत्र के नई आबादी से किशोरी को पड़ोसी युवक भगाकर ले गया।

नई आबादी में रहने वाली नजमा (काल्पनिक नाम) ने बताया कि 7 अगस्त की शाम को वह मजदूरी करने के लिए घर से बाहर गई थी। शाम के समय जब वह वापस लौटी तो उनकी (15 वर्षीय) पुत्री घर पर नहीं थी। उसने अपनी बेटी की तलाश की तो पता चला कि पड़ोस में रहने वाला कृष उर्फ अक्षय वाल्मीकि उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

वहीं थाना कासना में एक महिला ने अपनी बेटी को भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। सिरसा गांव में किराए पर रहने वाली मंजू (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 30 जुलाई को उनकी (15 वर्षीय) बेटी घर से बाजार गई थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने जब उसकी तलाश की तो पता चला कि बुलंदशहर का रहने वाला करण उनकी बेटी को भगा कर ले गया है। मंजू के मुताबिक 1 अगस्त को आरोपी करण के बड़े भाई अभिषेक ने फोन कर उन्हें बुलाया और उनकी बेटी को उन्हें सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**नाबालिग लड़की...**

कोई पता नहीं चला। उनकी बेटी के साथ जाने वाली किशोरी से उन्होंने पूछताछ की तो उसने बताया कि उनकी बेटी को वकील पुत्र सुमेर अपने साथ ले गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की तलाश की जा रही है।

**ड्राईवर को आई झपकी...**

में आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर पिलखर गांव के पास हादसा हुआ। हादसे में कार चालक सहित एक ही परिवार के चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं, एक घायल महिला और बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस व दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत से कार में फंसे चार शवों और घायलों को बाहर निकाला। पुलिस ने शोभारानी प्रजापति, उनके पति शिवनारायण निवासी ऐचन कोतवाली महोबा, रामौतार निवासी परलदार दीमार हमीरपुर व चालक अंशु निवासी सदापुरी मेरठ के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घायल पूनम पत्नी रामबाबू निवासी रायपुरा खुर्द कोतवाली हमीरपुर और उसकी बेटी बेबी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि रेस्क्यू टीम ने गाड़ी को काटकर मृतकों के शवों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने शवों को मोर्चरी पहुंचाया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

मामले में चिकित्सा अधीक्षक डॉ श्याम चौधरी ने बताया कि थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत पिलखर के आगे एक चार पहिया वाहन और ट्रक के बीच भिडंत हो गई। इसमें एक बच्चा, एक बच्ची और एक महिला पूनम गंभीर रूप से घायल हैं। जिला अस्पताल से घायलों को सैफई रेफर कर दिया है, हालत सीरियस है। चार मृतकों के शव आए थे, उन्हें मोर्चरी में रखवा दिया है।

जितेंद्र नाम का बच्चा जो बोलने की स्थिति में है उसने बताया कि हम लोग ननिहाल जा रहे थे। मेरी बहन और मेरी मां घायल है। हम सभी एक ही परिवार के हैं। आधा परिवार खत्म हो गया।

**दो बेटियों की एक...**

उनके दामाद ने उनकी वेगनार कार किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी और दहेज के लिए उसकी बेटियों को प्रताड़ित करने लगे। 18 अगस्त को विकास ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उनकी बेटी के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। विकास व उसके परिजनों ने उनकी बेटी को धमकी दी कि अगर उनकी दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो भविष्य में भी उनके साथ इसी तरह से मारपीट होती रहेगी। पीड़ित ने अपने दामाद विकास, मनीष, समधी नरेंद्र व समधन विजयवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**महिला प्रोपर्टी डीलर...**

कर दिया तथा शेष रुपए रजिस्ट्री के समय देना तय हुआ। ज्योत्सना के मुताबिक वह 18 अगस्त को खरीदी गई जमीन पर पहुंची तो उसे नवीस, समीर, प्रिंस आदि खेत में मिट्टी डालकर रोड बनाते हुए मिले। उसने जब खेत में मिट्टी डालने का विरोध किया तो तीनों भाइयों ने उसे गंदी-गंदी गालियां देने के साथ-साथ जान से मारने की धमकी दी। तीनों ने कहा कि वह खेत को भूल जाए वरना अंजाम अच्छा नहीं होगा। महिला के मुताबिक उसने जब इस पूरी घटना का वीडियो बनाने के लिए अपना मोबाइल फोन निकाला तो समीर ने अपने कपड़े उतारते हुए उसे अभद्र इशारे किए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**वकील से लूटी...**

इसके बाद जब वह वापस अपने घर लौट रहे थे तो पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने पंचशील सोसायटी के पास सुनसान जगह पर रोक लिया और लूटपाट शुरू कर दी। बदमाशों ने उसके गले से सोने की चेन छीन ली। उन्होंने जब विरोध किया तो बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन और बाइक को भी लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर दोनों बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की। उन्होंने बदमाशों का विरोध किया जिसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सोसायटी के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को खंगाल रही है।

# मानसिक रूप से कमजोर बच्चा गायब

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के अंबेडकर बिहार में घर के बाहर खेल रहा (5 वर्षीय) बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। वहीं थाना फेस वन क्षेत्र से एक मानसिक रूप से कमजोर बच्चा भी लापता हो गया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

मूल रूप से मुजफ्फरपुर बिहार निवासी राम इकबाल शाह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने परिवार के साथ हाल में सेक्टर-37 अंबेडकर बिहार में रह रहा है। 18 अगस्त को उसका (5 वर्षीय) बेटा हिमांशु घर के बाहर से खेलते-खेलते अचानक लापता हो गया। बच्चे के लापता होने पर उसकी तलाश की गई लेकिन कोई पता नहीं चला।

सेक्टर-9 की जेजे कॉलोनी में रहने वाले रविंद्र मंडल ने थाना फेज-1 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका (12 वर्षीय) बेटा 18 अगस्त को लापता हो गया। रविंद्र मंडल के मुताबिक उसका बेटा मानसिक रूप से विक्षिप्त है और बोल भी नहीं पाता है। पुलिस का कहना कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और दोनों बच्चों की तलाश की जा रही है।


**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार रक्षाबंधन के उपरांत अतिरिक्त भीड़ के सुविधाजनक आवागमन के लिए निम्नलिखित सुपरफास्ट अवकाश विशेष रेलगाड़ियाँ चलाने का निर्णय लिया गया है:-

**रेलगाड़ी सं. 04145/04146 प्रयागराज जं.-दिल्ली जं.-प्रयागराज जं. सुपरफास्ट रक्षाबंधन हॉलीडे स्पेशल — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04145 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04146 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:30 | प्रयागराज जं. | 19:45 | ---- |
| 08:55 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 09:30 |

चलने के दिन : 04145 प्रयागराज जं. से दिनांक 21.08.2024 (बुधवार) एवं 04146 दिल्ली जं. से दिनांक 22.08.2024 (वीरवार) को।
ठहराव: फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 02418 दिल्ली जं.-प्रयागराज जं. सुपरफास्ट रक्षाबंधन हॉलीडे स्पेशल — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02418 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| प्रयागराज जं. | 19:45 | ---- |
| दिल्ली जं. | ---- | 09:30 |

चलने के दिन : 02418 दिल्ली जं. से दिनांक 21.08.2024 (बुधवार) को।
ठहराव: अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेन्ट्रल एवं फतेहपुर स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2605/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है-

**ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2024-114,** कार्य का नाम: आनन्दनगर-बढ़नी अनुभाग में किमी 41 से किमी 113 तक टी.बी.आर./डीप स्क्रीनिंग कार्य। कुल-72 किमी, अनुमानित लागत(रू0): ₹ 12,67,56,075.92, अग्रिम धन (रू0): ₹ 7,83,800.00, समापन अवधि: 24 माह। 1.उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-114 के लिये ई-निविदा दिनांक 06.09.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2.उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्लू-202 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### दो ट्रकों में जबरदस्त हुई टक्कर, ड्राइवर की मौत

**किशनगंज** । जिले के कोचाधामन थाना क्षेत्र के एनएच-327 पर भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार दो ट्रकों के आमने-सामने जबरदस्त टक्कर होने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना कोचाधामन थाना क्षेत्र के महादेवदिघी के समीप एनएच 327 पर मंगलवार को हुई है। जानकारी के अनुसार कोचाधामन थाना क्षेत्र के महादेवदिघी के समीप एनएच 327 पर तेज रफ्तार दो ट्रक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई है, जिसमें आमने सामने दो ट्रकों के भिड़त हो जाने से दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए हैं। हादसे में क्षतिग्रस्त हुए दोनों ट्रकों में से एक ट्रक में गिट्टी लदा हुआ है। इस हादसे में एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक व्यक्ति झारखंड का रहनेवाला बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर कोचाधामन थाना पुलिस भी पहुंच गई है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर सड़क के साइड करवा दिया गया है, जिससे यातायात पुनः शुरू हो गई है। इस मामले में पुलिस आगे की करवाई में जुट गई है। कोचाधामन थानाध्यक्ष राजा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि एक व्यक्ति की मौत हुई है। बाकी अबतक किसी की घायल होने की सूचना प्राप्त नहीं है।

### नालंदा में महिला की गोली मारकर हत्या

**बिहारशरीफ** । जिले में कराय-परसुराय थाना क्षेत्र के चन्द्रकुरा बहियार में सोमवार की रात्रि एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान मखदुमपुर गांव निवासी शिव कुमार यादव की पत्नी बबीता कुमारी बतायी जाती है। घटना रात्री नौ बजे की है घटना की सूचना कराय-परसुराय थानाध्यक्ष को दी गई जिसमें बताया गया कि हिलसा-दनियावां पटना रोड से सटे चन्द्रकुरा बहियार के समीप एक महिला को गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। सूचना मिलते ही करायपरसुराय थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम, जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिलसा और अंचल निरीक्षक हिलसा भी शामिल थे, तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे जहां घटनास्थल पर बबीता देवी का शव बेहद गंभीर हालत में पड़ा मिला । पुलिस ने बताया कि मृतका के बाएं कनपट्टी पर और छाती पेट पर गहरे जख्म निशान थे जिससे प्रतित होता है कि महिला को गोली मारी गई है। पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जाकर साक्ष्य संकलन करने में जुट गई है। मृतका के पति शिव कुमार यादव द्वारा दिए गए बयान के आधार पर करायपरसुराय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### बाबू जी की राजनीति की दुकान पर बैठकर अपने ही नेताओं को दे रहे गाली

**पटना** । जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने तेजस्वी पर सोमवार को पटना में कार्यकताओं के साथ बैठक के दौरान तंज कसते हुए कहा कि बाबू जी की राजनीति की दुकान पर बैठकर अपने ही नेताओं को गाली दे रहे हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने ही पत्र लिख कर अपने कार्यकताओं और नेताओं से कहा कि आप जन सुराज में शामिल न हों। तेजस्वी यादव द्वारा दिए गए बयान का मतलब यह है कि वे खुद अपनी ही पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं पर सवाल उठा रहे हैं। यदि वे कह रहे हैं कि राजद के लोग पैसा लेकर जन सुराज में जा रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि वे खुद अपनी पार्टी के सदस्यों की नीयत पर शक कर रहे हैं। पीके ने कहा कि ये तो तेजस्वी की राजनीतिक नादानी दिखाता है कि वो अपने ही कार्यकताओं को बिका हुआ बता रहे हैं। यह साफ जाहिर होता है कि केवल पिता जी की राजनीतिक विरासत मिल जाने से कोई बिहार का राजनेता नहीं बन जाता है। लालटेन से किरासन तेल निकलने के डर से तेजस्वी बौखलाए हुए हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि राजनीति में ऐसे बयान अक्सर विरोधियों को कमजोर दिखाने के लिए दिए जाते हैं लेकिन कभी-कभी ये खुद की पार्टी में असंतोष और अव्यवस्था का संकेत भी दे देते हैं।

# शुरूआती कारोबार के दौरान शेयर बाजार में तेजी

एजेंसी

**नई दिल्ली** । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का मामूली दबाव भी बना, लेकिन इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से शेयर बाजार की रफ्तार तेज हो गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.59 प्रतिशत और निफ्टी 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बीपीसीएल, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, हीरो मोटोकॉर्प, इंडसइंड बैंक और टीसीएस के शेयर 2.40 प्रतिशत से लेकर 1.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी



ओर ओएनजीसी, भारती एयरटेल, सिप्ला, टाटा स्टील और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.64 प्रतिशत से लेकर 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,253 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,464 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 789 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 26 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 4 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 41 शेयर हरे निशान में और 9 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 297.86 अंक की मजबूती के साथ 80,722.54 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक गिर कर 80,517.95 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने बाजार में मोर्चा संभाल लिया और एक्टिव होकर लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 476.94 अंक की तेजी के साथ 80,901.62 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 76.25 अंक उछल कर 24,648.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक गिर कर 24,607.20 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों के एक्टिव हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में भी तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 147.70 अंक की तेजी के साथ 24,720.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 12.16 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 80,424.68 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, निफ्टी ने 31.50 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,572.65 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

## ट्राइडेंट ग्रुप ने 2000 युवाओं को प्रशिक्षित करने व 12 लाख सालाना की वेतन रेंज पर नौकरियां देने का रखा लक्ष्य

**रांची** : 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विश्वस्तरीय सदन ट्राइडेंट ग्रुप ने अपने प्रमुख रिक्रूटमेन्ट एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम ह्यतक्षशिलाह्न के लॉन्च की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य रोजगार एवं कौशल विकास पर ध्यान केन्द्रित करते हुए 2000 प्रविष्टि स्तर के कर्मचारियों को प्रशिक्षित एवं नियुक्त करना है। तक्षशिला प्रोग्राम विभिन्न पृष्ठभूमि जैसे आईटीआई, डिप्लोमा और 10प्लस2 से आने वाले युवाओं को प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। शिक्षा की बाधाओं को दूर कर तक्षशिला युवाओं को सीखने, विकसित होने और कमाई के अवसर प्रदान करता है, तथा उनके सतत सुधार एवं व्यक्तिगत विकास को सुनिश्चित करता है। प्रशिक्षण के बाद उन्हें 12 लाख सालाना का शुरूआती वेतन मिलता है- इस तरह बुनियादी पढ़ाई करके आने वाले छात्रों को भी आजीविका के अवसर मिलते हैं। यह कॉर्पोरेट भारत में अपनी तरह की अनूठी पहल है। प्रोग्राम के बारे में बात करते हुए श्री राजिन्दर गुप्ता, एमेरिटस चेयरमैन, ट्राइडेंट ग्रुप ने कहा, ह्यह्यआज का दिन हमारे लिए बेहद खास है, क्योंकि हम अपने प्रमुख प्रोग्राम तक्षशिला के लॉन्च के साथ विकास एवं सशक्तीकरण का नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। यह प्रोग्राम खासतौर पर सामाजिक विकास, आर्थिक उत्थान, विविधता, समावेशन एवं राष्ट्र निर्माण को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इसमें महिलाओं (50 फीसदी आरक्षित सीटें), ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से वंचित परिवारों, रक्षा कर्मियों और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी।तक्षशिला असीमित अवसरों के दृष्टिकोण के साथ हर व्यक्ति को आगे बढ़ने के लिए प्लेटफॉर्म देता है और उनकी तरक्की में सच्चे साथी की भूमिका निभाता है।

## ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली** । ग्लोबल मार्केट से आज लगातार दूसरे दिन मजबूती के संकट मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों ने मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद हरे निशान में कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करते रहे। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिका में ब्याज दरों में गिरावट की उम्मीद की वजह से उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस उत्साह के कारण पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों में भी तेजी बनी रही। डाउ जॉन्स पिछले सत्र के दौरान 0.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500



इंडेक्स ने 0.97 प्रतिशत की तेजी के साथ पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 245.05 अंक यानी 1.39 प्रतिशत उछल कर 17,876.77 अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 40,837.06 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,356.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,502.01 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,421.69 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। हैंग सेंग इंडेक्स 0.32 प्रतिशत टूट कर 17,512.71 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.99 प्रतिशत लुढ़क कर 2,865.18 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 93 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,701.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,377.40 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। निक्केई इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है।

## मिथिला आर्ट पुस्तक के विमोचन के साथ स्पॉटलाइट में मधुबानी कला




**रांची** । भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने और बढ़ावा देने के लिए, एक प्रतिष्ठित संपादक मंडल ने गर्व से मधुबानी कला पर भारत की पहली समग्र साहित्यिक कृति, ह्यमिथिला आर्ट: अ ३६० डिग्री रिव्यु के शुभारंभ की घोषणा की। नई दिल्ली में ललित कला अकादमी में आयोजित पूर्वावलोकन में कलाकारों, संस्कृति के प्रति उत्साही लोगों और आम जनता की उपस्थिति देखी गई।मिथिला कला, जिसे भारत के मधुबनी जिले में अपनी उत्पत्ति के कारण मधुबनी कला के रूप में जाना जाता है, बिहार और नेपाल में सबसे अधिक प्रचलित एक स्वदेशी कला है जिसने अपनी क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर लिया है, और वैश्विक अपील अर्जित की है। हालाँकि, इस कला के बारे में अब तक लिखा गया परिचयात्मक साहित्य सीमित है, जो अक्सर अशुद्धियों और ठोस विद्वतापूर्ण तथ्य की कमी से भरा हुआ है। एक अच्छी तरह से प्रलेखित और सुलभ संसाधन का निर्वात इस प्रकाशन के पीछे प्रेरक शक्ति थी। सह-संपादक सुश्री बिनीता मल्लिक (मिथिलंगन, नई दिल्ली) डॉ. मीनू अग्रवाल (सीईपीटी विश्वविद्यालय) डॉ. लॉरा जिजका (ईएचएल, स्विट्जरलैंड) और प्रोफेसर (डॉ.) प्रशांत दास (आईआईएम अहमदाबाद) द्वारा क्यूरेट की गई ₹मिथिला आर्ट: ए 360 डिग्री रिव्यू₹ को वर्षों की कठोर विद्वतापूर्ण गतिविधियों में परिपूर्ण किया गया है इस विषय पर उनकी व्यक्तिगत खोजों को ध्यानपूर्वक एक आकर्षक पेज-टर्नर में बुना गया है।

## सिम्बायोसिस के एमबीए प्रोग्राम के लिए स्नैप टेस्ट 2024 की एडमिशन विंडो खुली

**रांची** : सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट (स्नैप) 2024 के माध्यम से सिम्बायोसिस एमबीए प्रोग्राम के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। इस बेहद प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा ने 5 अगस्त 2024 से अपनी एडमिशन विंडो खोल दी है। वे छात्र को इस परीक्षा के जरिए सिम्बायोसिस एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश पाना चाहते हैं, वे स्नैप की ऑफिशियल वेबसाईट पर विजिट कर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया, योग्यता के मानकों पर विवरण एवं अन्य जरूरी जानकारी पा सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि परीक्षा का शहर, और परीक्षा की दिनांक का आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। 2024 के लिए स्नैप कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट का आयोजन तीन दिनांकों: 8 दिसम्बर 2024 (रविवार), 15 दिसम्बर 2024 (रविवार) और 21 दिसम्बर 2024 (शनिवार) को होगा। परीक्षा के परिणमों की घोषणा 8 जनवरी 2025 (बुधवार) को की जाएगी। आगामी परीक्षा के माध्यम से उम्मीदवार एक ही फॉर्म के साथ सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) के 17 संस्थानों में 27 प्रोग्रामों के लिए आवेदन कर सकते हैं। ह्यसिम्बायोसिस इंटरनेशनल युनिवर्सिटी में हम छात्रों को उद्योग जगत की जरूरत के अनुसार प्रोफेशनल्स के रूप में तैयार करते हैं।

## प्रो. मुसब्बिर आलम बने जनसुराज पार्टी के जिलाध्यक्ष

**किशनगंज** । प्रो. मुसब्बिर आलम जनसुराज पार्टी के जिलाध्यक्ष बनाए गए है, जिसके बाद से उन्हें जमकर बधाइयां मिल रही है। वहीं, ठाकुरगंज की पूर्व प्रमुख रजिया सुल्ताना को पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष और इकरामुल हक को पार्टी के युवा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। जानकारी के अनुसार किशनगंज शहर के लाइन उर्दू में जन सुराज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान जन सुराज पार्टी ने अपने पार्टी का विस्तार किया है। बहादुरगंज के रहनेवाले प्रो. मुसब्बिर आलम को जनसुराज पार्टी के जिलाध्यक्ष चुना गया है। वहीं राजद प्रखंड अध्यक्ष सह ग्राम पंचायत बंदरझूला के मुखिया इकरामुल हक ने राजद से इस्तीफा देकर जन सुराज पार्टी का दामन थामा है।

## सर्राफा बाजार में सपाट कारोबार, सोने-चांदी की कीमत स्थिर

एजेंसी

**नई दिल्ली** । रक्षाबंधन का त्योहार बीत जाने के बाद आज घरेलू सरार्फा बाजार बिना किसी उतार चढ़ाव के सपाट कारोबार करता नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में आज भी 24 कैरेट सोना 72,910 रुपये से लेकर 72,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 66,840 रुपये से लेकर 66,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसके कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 85,900 रुपये प्रति



किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह चेन्नई में भी 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,720 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,810 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 72,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## फनी डायलॉग व कॉमेडी के तड़के से भरा पड़ गए पंगे का ट्रेलर आउट




**मुंबई** : कॉमेडी फिल्म ₹पड़ गए पंगे का बेहद फनी और एंटरटेनिंग ट्रेलर जी म्यूज़िक ने सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है जो सोशल मीडिया पर काफी लाइक किया जा रहा है। ट्रेलर में हम राजपाल यादव, राजेश शर्मा और पंचायत फेम फैसल मलिक के साथ ही इस फि ल्म से डेब्यू कर रहे समर्पण सिंह और राजेश यादव को फनी रूप में देख सकते हैं। ट्रेलर की शुरूआत होती हैं बेहद नाटकीय संवाद के साथ तरीके से समर्पण सिंह कहते हैं अलविदा ए ज़िंदगी और राजेश शर्मा कहते हैं हे ईश्वर मरणोपरांत हेम अपने श्री चरणों में स्थान दे देना । राजेश शर्मा और समर्पण सिंह आत्महत्या के लिए काउंटडाउन रुक जाता हैं जब राजेश शर्मा बताते हैं की 3 बजे आत्महत्या ठीक नहीं यह भूत प्रेत का समय होता हैं आत्मा सालों साल भटकती रहेगी कल मर लेते हैं । ट्रेलर के दूसरे हिस्से में आयुष (समर्पण सिंह) का इंट्रो सीन में शादी तय हो रही हैं और उनकी गर्लफ्रेंड हनीमून का वेन्यू के बारे में पूछ रही हैं तो उनके टीचर शास्त्री जी ( राजेश शर्मा ) का इंट्रो है की मोहल्ले में उनकी बहुत इज्जत हैं लेकिन घर में नहीं हैं फिर आते है जग्गू ( राजेश यादव ) आते हैं जो खुद को मनी एडवाइजर बताते हुए एक दिन में पैसा डबल करने की गारंटी देते हैं । ट्रेलर के अगले हिस्से में डॉक्टर आयुष और शास्त्री जी को बेहद ही अलग किस्म के कैंसर की बीमारी होने की बात बताते हुए।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर आदर्शों अपनाने का संकल्प

**नवादा** । नवादा जिला कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह की अध्यक्ष में नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर भारत के प्रथम युवा प्रधानमंत्री स्व राजीव गाँधी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय मे मनाया गया ।इस अवसर पर पौधा रोपन करने के बाद सतीश कुमार मंटन ने कहा हैं कि राजीव गाँधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को हुआ था। आजादी के 3 साल बाकि थे ।राजीव गाँधी उज्जवल भविष्य को लेकर भारत आये ।अंग्रेजो को देश छोड़कर भगना पड़ा । राजीव गाँधी अपने प्रधानमंत्री काल मे युवाओं ,महिलाओ और किसान पर खास विशेष योजना लाये ।

## बीपीसीएल ने ड्रोन आधारित हवाई बीजारोपण किया शुरू



एजेंसी

**औरंगाबाद** : भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने एरियल सीडिंग तकनीक का उपयोग करके बिहार के प्रमुख वन क्षेत्रों में पुनः वनरोपण करने की एक अभूतपूर्व पहल की घोषणा की है ।पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार और एक गैर सरकारी साझेदार के सहयोग से, बीपीसीएल की अरण्य परियोजना का लक्ष्य राज्य के तीन महत्वपूर्ण वन क्षेत्रों में 100,000 सीडबॉल्स लगाना है ।यह पहल औरंगाबाद के मदनपुर वन क्षेत्र में उमगा पहाड़ी, नवादा में राजौली वन क्षेत्र और गया में ब्रह्मयोनी, डुंगेश्वरी, प्रेतशिला और बराबर पहाड़ियों के 50 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करेगी ।इस परियोजना का उद्घाटन बिहार सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार द्वारा उमगा रिजर्व फॉरेस्ट में किया जाएगा ।बीपीसीएल में सीएसआर के प्रमुख श्री रमन मलिक ने कहा, ₹पेड़ लगाना पर्यावरण स्थिरता को बढ़ाने और स्थानीय समुदायों का समर्थन करने का एक शक्तिशाली तरीका है ।अरण्य परियोजना के माध्यम से, हम आर्थिक अवसर पैदा करते हुए हरित क्षेत्र को बढ़ाने और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## मुख्यमंत्री ने वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय का किया निरीक्षण

एजेंसी

**पटना** । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को वैशाली जिला के वैशालीगढ़ स्थित निमार्णाधीन बुद्ध सम्यक दर्शन-सह-बुद्ध स्मृति स्तूप का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर के विकास कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्तूप के भू-तल एवं प्रथम तल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने पुस्तकालय एवं ध्यान कक्ष का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री



को बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं बुद्ध स्मृति स्तूप के निर्माण कार्य की प्रगति की अद्यतन जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यहां हमेशा आते रहते हैं और यहां के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते रहते हैं। योजना के अनुरूप कार्य जल्द-से-जल्द पूर्ण करें। परिसर में पौधरोपण भी कराएं। यहां अच्छे ढंग से वाटर बॉडी का भी निर्माण कराएं। साथ ही परिसर के अंदर भी रास्ते का निर्माण ठीक से कराएं। उन्होंने कहा कि आवागमन को भी बेहतर किया जा रहा है ताकि आसानी से और कम समय में पर्यटक यहां पर पहुंच सकें। अधिक से अधिक संख्या में पर्यटकों के आने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैशाली ऐतिहासिक और पौराणिक जगह है। भगवान बुद्ध के जितने भी अस्थि कलश मिले हैं, उसमें वैशाली में मिला अस्थि कलश सबसे प्रामाणिक है। बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-बुद्ध स्मृति स्तूप के बन जाने के बाद यहां बौद्ध भिक्षु के साथ-साथ बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक भी आएंगे। बोधगया और राजगीर आनेवाले श्रद्धालु भी यहां आएंगे। बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय में महात्मा बुद्ध के जीवन से संबंधित घटनाओं और बौद्ध धर्म से जुड़े प्रसंगों को यहां दशार्या जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले वैशालीगढ़ की क्या स्थिति थी और बाद में हमने इसको विकसित करने को लेकर जो योजना बनाई, उसके तहत जो कार्य किए गए हैं उसकी भी विवरणी को भी यहां दशार्एं। इससे लोग जान सकेंगे कि इस ऐतिहासिक धरोहर को विकसित करने के लिए कितने कार्य किए गए हैं।

## कांग्रेस कार्यालय में भारत रत्न, स्व. राजीव गांधी की मनाई गई जयंती



**किशनगंज** । भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री, 21वीं सदी के भारत निमार्ता, डिजिटल क्रांति के जनक एवं भारत रत्न, स्व. राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में किशनगंज कांग्रेस नगर अध्यक्ष सजल कुमार साह के अध्यक्षता में एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष इमाम अली चिंटू के नेतृत्व में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान किशनगंज युवा कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष मो. आजाद साहिल, कांग्रेस ज़िला उपाध्यक्ष अरुण कुमार साह, कांग्रेस ज़िला प्रवक्ता शमशीर अहमद दारा, कांग्रेस ज़िला महासचिव आदर्श कुमार साह, युवा कांग्रेस ज़िला संयोजक वसीम अख़्तर, ओबीसी प्रदेश महासचिव सम्भु कुमार यादव, किशनगंज कांग्रेस नेता हाफि ज मोबासीर, युवा कांग्रेस नगर महासचिव सुभम कुमार दास , किशनगंज कांग्रेस कार्यालय प्रभारी मो. गुड्डु आदि मौजूद रहे। इस दौरान मो. आजाद साहिल ने कहा कि आज राजीव गांधी की 80वीं जयंती है। उनका राजनीतिक जीवन छोटा लेकिन बेहद महत्वपूर्ण था। मार्च 1985 के बजट में उन्होंने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसने आर्थिक नीति के प्रति एक नया दृष्टिकोण दिया।



# अपनी अनोखी बनावट के लिए प्रसिद्ध है मुंबई की यह बिल्डिंग

दुनियाभर में अपने आर्किटेक्चर को लेकर कई इमारतें प्रसिद्ध हैं, लेकिन भारत की बात करें तो मुंबई की एक इमारत अपने अनोखी बनावट के लिए बेहद लोकप्रिय है। मुंबई में जेम्स लॉ साइबरटेक्चर बिल्डिंग का डिज़ाइन देखने में बहुत अलग है। यह इमारत आर्किटेक्चर का बेहतरीन नमूना है। 13 मंजिल की कमर्शियल बिल्डिंग अंडे के आकार की है। यह इमारत बनाने में कंक्रीट, स्टील और ग्लास का इस्तेमाल नहीं किया गया है। इस इमारत को हांगकांग की एक फर्म ने डिजाइन किया है। यह इमारत एन्वायरनमेंटल डिजाइन, शानदार कंट्रोल सिस्टम के साथ आइकॉनिक आर्किटेक्चर का दावा करती है। इसके ऑफिस का कैंपस 33,000 स्कायर मीटर में बना हुआ है। तीन अंडरग्राउंड लेवल्स में 400 गाड़ियों के लिए पार्किंग स्पेस है। अपनी डिज़ाइनिंग के लिए ही नहीं ये बिल्डिंग डिजाइनिंग अपने फ्रेंडली एनवायरनमेंट के लिए भी प्रसिद्ध है।

# हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है इंग्लैंड का जुरासिक कोस्ट

इंग्लैंड के सबसे लोकप्रिय स्थलों में से एक है जुरासिक कोस्ट। हर साल यह दुनिया भर से लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है। जुरासिक तट को 2002 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था, जो अपनी उत्कृष्ट चट्टानों, जीवाश्मों और भू-आकृतियों के लिए पहचाना जाता है। यह एकमात्र ऐसा स्थान है जहां ट्राइएसिक, जुरासिक और क्रेटेशियस काल की चट्टानें एक ही जगह पर देखी जा सकती हैं, जो कि 185 मिलियन वर्षों का प्रतिनिधित्व करती हैं यहां रहने वाले विभिन्न प्राणियों के जीवाश्म अवशेषों को चट्टानों में संरक्षित किया गया है। जुरासिक तट दक्षिणी इंग्लैंड में 95 मील लंबा समुद्र तट है, जो डोर्सेट और डेवोन की काउंटी के भीतर स्थित है।





# जमीन के अंदर शहर चट्टानों में बने चर्च

## नजारा देखकर लगता है सपनों का संसार

**चाहे कुदरत के बनाए नजारे हों, फिर जमीन के अंदर इंसानों की बसाए शहर या चट्टानों में काटे गए चर्च. तुर्की के कप्पाडोसिया में आकर आपको लगेगा कि आप किसी सपने के संसार में आ गए हैं. हैरान करने वाले कुदरती नजारे का साथ ही यह इतिहास और रहस्यों से भरपूर है.**



अगर आप किसी ऐसी जगह जाना चाहते हैं जो एतिहासिक होने के साथ कुदरती खूबसूरती से भरी हो तो आपको को तुर्कीये के मध्य प्रांतो के उच्च पठार में मौजूद कप्पाडोसिया के बारे में जरूर सोचना चाहिए. एक तरफ यहां की मनमोहक चिमनियां और प्राचीन चट्टानों की संरचनाएं हैं, तो वहीं दूसरी सांस्कृतिक विरासत भरे ऐसे इलाके भी हैं जहां गुफा चट्टान काट कर बने चर्च और भूमिगत शहर भी हैं.

लाखों साल पहले सेंट्रल एनाटोलियन क्षेत्र में ज्वालामुखी विस्फोटों एक सिलसिला चला था. इसी के नतीजे में कैप्पाडोसिया फायरीज बनीं. यहां की मोटी राख जम कर टफ में और फिर उन खूबसूरत चिमनियों में बदल गई जिन्हें हम आज देखते हैं. लगभग 130 फीट ऊंचे ये टफ आने वाले कई सालों में आकार में बदल जाते हैं.

कप्पाडोसिया दुनिया में ईसाई धर्म के लिए सबसे अहम पूजा स्थलों में से एक है. 10वीं और 11वीं सदी के बीच, इस क्षेत्र में मठों और चट्टानों पर बहुत से चर्च बने. कई प्राचीन चर्च तो असाधारण आभूषणों से खूबसूरती से सजे हुए थे. यहां 600 से ज्यादा चर्च हैं, और और भी खोजे जा सकते हैं. इनमें से कुछ चर्चों के खूबसूरत भित्तिचित्र लोगों को काफी हैरान करते हैं.

कप्पाडोसिया का सबसे बड़ा आकर्षण यहां से की जाने वाली हॉट एयर बैलून से की जाने वाली सैर है. यह यहां की सबसे लोकप्रिय गतिविधि है. यहां बाइकिंग और हाइकिंग के दौरान खूबसूरत नजारों का आनंद लिया जा सकता है. लेकिन कप्पाडोसिया हॉट एयर बैलूनिंग चमकदार प्राचीन नजारे देखने का सबसे अच्छा तरीका है.

कप्पाडोसिया के भूमिगत शहर इस क्षेत्र की यात्रा के दौरान न चूकने वाले अनूठे अनुभवों में से एक हैं. इनमें से कुछ भूमिगत बस्तियां संकरी सुरंगों के एक नेटवर्क से जुड़ी हुई हैं. इस क्षेत्र में लगभग 36 भूमिगत शहर हैं, कायमाली और डेरिनकुयू उनमें से सबसे लोकप्रिय और सबसे ज़्यादा देखे जाने वाले शहर हैं.

ज्वालामुखी टफ की बदौलत, कप्पाडोसिया एक बड़ा अंगूर उत्पादक है और वाइन बनाने का एक लंबा इतिहास समेटे हुए है. इलाके की बाकी खूबियों के कारण टूरिस्ट भूल जाते हैं कि यह क्षेत्र अपनी वाइन के लिए भी जाना जाता है. यहां घूमने के लिए कुछ वाइनरी में कपाडोक्य, तुरासन, कोकाबाग और सेनल शामिल हैं. कुछ सबसे लोकप्रिय रेड और व्हाइट वाइन ब्रांड इस क्षेत्र से हैं, और पर्यटक वाइन-चखने वाली दुकानों में कुछ का नमूना ले सकते हैं.

कप्पाडोसिया अपने अविश्वसनीय ओपन-एयर संग्रहालय के लिए जाना जाता है, जो गोरेमे में मौजूद है. गोरेमे ओपन-एयर संग्रहालय इलाके में सबसे अधिक देखे जाने वाले और लोकप्रिय पर्यटक आकर्षणों में से एक है. क्षेत्र के अन्य रॉक साइट्स के अलावा, यह संग्रहालय तुर्कीये में पहला संग्रहालय था जिसे 1985 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया गया था.









# क्या आप जानते हैं ट्रेनों पर लिखें नंबरों का मतलब

**ट्रेन के नंबरों को ध्यान से देखें, क्योंकि हर नंबर कुछ कहता है ट्रेन के नंबर बोलते हैं। जी हां, ट्रेन के डिब्बों (बोगी) पर आपने नंबर लिखे देखे होंगे, आपको नहीं लगता कि ये आपको कुछ इशारा करते हैं। कभी मन में आपके ये सवाल भी उठे होंगे, लेकिन हाथों हाथ जवाब नहीं मिला होगा। यहां हम आपको ट्रेन के डिब्बों पर लिखे नंबरों का महत्व बताएंगे।**

ट्रेन के डिब्बों पर लिखे नंबर आपको जानकारी ही नहीं देते बल्कि सुविधाजनक भी हैं। जैसे आपको बर्थ या सीट का नंबर टिकट पर लिखा मिलता है, जो आपको बताता है कि आप कहां बैठेंगे या लेटेंगे। ठीक वैसे ही डिब्बों पर लिखे इन अंकों में कई पहचान छिपी होती हैं। कहने का मतलब यह है कि पांच अंक के ये नंबर इतिहास बताते हैं।

### बोगी कितनी पुरानी है और कैटेगरी क्या है

किसी ट्रेन के डिब्बे पर लिखे नंबर की शुरुआत 04 या 99 है, तो आप समझ जाइये कि ये बोगी 2004 या 1999 में बनी है। आप जब स्टेशन पर कोई ट्रेन पकड़ने जाते हैं, तो बोगी पर लिखे नंबर पर आपका ध्यान जाता है, लेकिन आप पढ़कर भी नजर अंदाज कर देते हैं। अब आप नंबर पढ़ते ही पहचान जाएंगे कि ये नंबर आपसे क्या बोल रहे हैं। जैसे किसी ट्रेन के डिब्बे पर लिखे नंबर की शुरुआत 04 या 99 है, तो आप समझ जाइये कि ये बोगी 2004 या 1999 में बनी है। मतलब यह कि शुरुआती दो नंबर आपको बताते हैं कि बोगी कितनी पुरानी है। वहीं, इन दो नंबरों के बाद यदि 497 लिखा है, तो ये नंबर आपको बताते है कि ये जनरल बोगी या सामान्य डिब्बा है। रेलवे ने 497 कोड जनरल कैटेगरी के लिए तय किया हुआ है।

### और भी हैं कई कैटेगरी, नंबर जिन्हें देते हैं पहचान

ट्रेन में हर डिब्बे या बोगी की क्लास या कैटेगरी तय है। ट्रेन में हर डिब्बे या बोगी की क्लास या कैटेगरी तय है। आप इस कैटेगरी को नंबर के जरिए भी पहचान सकते हैं। बस आपको डिब्बे पर लिखी आखिरी तीन डिजिट ध्यान से देखनी होंगी। जैसे 001-025, ये नंबर बताते हैं कि ये फर्स्ट एसी के डिब्बे हैं। 026-050 ङ्क ये नंबर लिखे हों, तो समझ जाओ कि ये कंपोजिट फर्स्ट एसी या एसी-टूटी का डिब्बे हैं। 051-100 ये अंतिम तीन नंबर एसी-टूटी कोच को मिलते हैं। 101-150 ये नंबर बताते हैं कि ये डिब्बा एसी-थ्री को कैटिगराइज हैं। 151-200 यदि डिब्बे पर ये नंबर आखिरी में लिखे हों, तो पता चल जाता है कि ये डिब्बे सीसी या एसी चेयर कार के हैं। 201-400 नंबर सेकंड स्लीपर या एसएस कैटेगरी के कोच को दिए जाते हैं। कोच पर यदि ये 401-600 नंबर लिखे हों,तो इसका मतलब है कि ये जनरल सेकंड क्लास या जीएस के डिब्बे हैं। 601-700 अंतिम नंबर हों, तो ये डिब्बे सेकंड क्लास सिटिंग /जनशताब्दी चेयर कार यानी टूएस के कोच को दर्शाते हैं। 701-800 के नंबर के आखिरी तीन डिजिट हों, तो पता चलता है कि सिटिंग कम लगेज रेक्स हैं। यदि कोच पर 801 या इससे बड़े नंबर आखिरी तीन स्थान पर हों, तो पेंट्री कार, जेनरेटर और मेल के कोच की जानकारी देते हैं।

### डिब्बे के रंग भी क्या कहते हैं जानेंज

डिब्बों के नंबर ही नहीं उनके रंग भी कई जानकारी देते हैं। किसी डिब्बे का रंग हरा होता है, तो किसी का नीला और किसी का लाल। डिब्बों या कोच के ये रंग ट्रेन की क्लास को बताते हैं। ऐसा नहीं है कि रंग हर बार केवल क्लास ही बताते हैं। रंग ये भी बताते हैं कि ट्रेन किस फैक्ट्री में तैयार की गई है।



हाजीपुर स्थित कबीर मठ में स्थित एक ही कुएं में नौ प्रकार के स्वाद का पानी मिलता है। भारत के नक्शे पर छोटा सा दिखने वाला बिहार का हाजीपुर शहर एक कुएं के कारण देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी पहचान बना चुका है। हाजीपुर स्थित कबीर मठ में स्थित इस एक ही कुएं में नौ प्रकार के स्वाद का पानी मिलता है। जी हां, इस कुएं के हर छोर के पानी का स्वाद अलग है। यही कारण है कि गंगा और गंडक के संगम पर स्थित इस कुएं को नवग्रह कुआं कहा जाता है।

# भारत का सबसे चमत्कारी कुआं है यह, एक ही कुएं में मिलता है नौ तरह का पानी

प्रकृति का वरदान है नौ स्वाद वाले पानी का यह कुआं भारत चमत्कारों, रहस्यों और अद्भुत धरोहरों का संगम है। कुछ चमत्कार हमारे पूर्वजों ने हमें आशीर्वाद स्वरूप दिए तो कुछ प्रकृति ने वरदान के रूप में भेंट किए। यही कारण है कि भारत की धरती पर कदम कदम को आपको कुछ अनोखा देखने को मिल जाएगा। ऐसा ही एक अजूबा है बिहार के हाजीपुर का एक छोटा सा कुआं। इस कुएं को प्रकृति का अनोखा वरदान कहा जा सकता है।

### इसलिए बेहद अनोखा है यह कुआं

हाजीपुर स्थित कबीर मठ में स्थित इस एक ही कुएं में नौ प्रकार के स्वाद का पानी मिलता है। भारत के नक्शे पर छोटा सा दिखने वाला बिहार का हाजीपुर शहर एक कुएं के कारण देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी पहचान बना चुका है। हाजीपुर स्थित कबीर मठ में स्थित इस एक ही कुएं में नौ प्रकार के स्वाद का पानी मिलता है। जी हां, इस कुएं के हर छोर के पानी का स्वाद अलग है। यही कारण है कि गंगा और गंडक के संगम पर स्थित इस कुएं को नवग्रह कुआं कहा जाता है। इस चमत्कारी कुएं को देखने के लिए हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण साल 1640 में किया गया था। तभी से ये लोगों की आस्था का केंद्र है।

### आज तक नहीं सुलझ पाया यह रहस्य

इस कुएं के चमत्कार यहीं खत्म नहीं होते हैं। इस कुएं और नदी के बीच की दूरी करीब 100 फीट है। इसके बाद भी कुएं का जलस्तर नदी के जलस्तर से हमेशा ऊंचा रहता है। इसके पीछे क्या कारण है, इसका रहस्य आजकल नहीं सुलझ पाया है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस कुएं पर कभी भी किसी प्राकृतिक आपदा का असर नहीं पड़ा है। 383 साल से यह कुंआ यहां शान से है। यहां प्रतिवर्ष विश्वप्रसिद्ध सोनपुर पशु मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले के दौरान लोग अपने ग्रहों की शांति के लिए इस कुएं की पूजा करना नहीं भूलते। कहते हैं यहां पूजा के बाद लोगों की परेशानियां दूर हो जाती हैं।

### शोधकर्ताओं ने खोज निकाला सच

कुएं के नौ अलग-अलग मुहाने के पानी में नौ प्रकार के मिनरल हैं। यही कारण है कि इसका स्वाद अलग-अलग है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह कुआं नवग्रहों की गति को सुधार देता है। कोई भी दोष होता है, उसे दूर कर देता है। यही कारण है कि प्रतिदिन यहां लोग ग्रहों की शांति की पूजा करने आते हैं और कुएं के अलग अलग स्वाद के पानी का सेवन करते हैं। एक ही कुएं में इस तरह नौ स्वाद का पानी आना लोगों के लिए चमत्कार से कम नहीं है। यही कारण है कि देश विदेश के शोधकर्ता यहां इस रहस्य को सुलझाने आए। शोधकर्ताओं ने भी माना है कि इस कुएं का पानी नौ अलग अलग स्वाद का है। शोधकर्ताओं का तर्क है कि कुएं के नौ अलग-अलग मुहाने के पानी में नौ प्रकार के मिनरल हैं। यही कारण है कि इसका स्वाद अलग-अलग है। कारण कुछ भी हो लोग इस कुएं को ईश्वर के वरदान के रूप में ही देखते हैं। उनका मानना है कि हर ग्रह एक अलग स्वाद के पानी का प्रतिनिधित्व करता है।



# नित्या मेनन ने राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर जाहिर की खुशी

**70वें नेशनल अवॉर्ड की हाल ही में घोषणा की गई है। नित्या मेनन को फिल्म थिरुचित्रम्बलम के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। अभिनेत्री ने मानसी पारेख के साथ पुरस्कार साझा किया, जिन्होंने कच्छ एक्सप्रेस (गुजराती) में अपनी भूमिका के लिए पुरस्कार जीता। नित्या ने हाल ही में इस पर प्रतिक्रिया देते हुए खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से, मुझे नहीं पता था कि वे राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा कर रहे हैं। यह असामान्य लग सकता है। मगर मुझे हलचल से दूर रहना पसंद है। मुझे इसकी बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी।**

नित्या मेनन ने एक बातचीत में कहा, हे भगवान, यह बहुत ही आश्चर्यचकित कर देने वाला था। क्या इतने सारे लोगों के पास मेरा नंबर है? क्या इतने सारे लोग मेरी परवाह करते हैं? क्या इतने सारे लोग मेरे पुरस्कार जीतने की परवाह करते हैं? जो वास्तव में एक आशीर्वाद था, वह उनकी इच्छाओं की सच्चाई थी। जीत बहुत से लोगों को व्यक्तिगत लगी, और वे इसे ऐसे मना रहे हैं जैसे यह उनकी अपनी जीत हो। इस तरह के किरदार करती हैं नित्या मेनन अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं इस तथ्य से संतुष्ट महसूस करती हूं कि थिरुचित्रम्बलम वह फिल्म है जिसने मुझे यह पुरस्कार दिलाया। बात यह है कि मैं हमेशा ऐसी फिल्में करना चाहती हूं, जो मुझे करते समय खुश रखें और इसे देखते समय दूसरों को भी खुशी मिले। मेरा मानना है कि किसी दूसरे व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना या उसे खुश करना, इस उम्मीद में कि यह पुरस्कार से मान्य होगा।

## थिरुचित्रम्बलम में धनुष के साथ दिखीं नित्या

थिरुचित्रम्बलम में धनुष और नित्या सबसे अच्छे दोस्त थिरु और शोभना की भूमिका में हैं। फिल्म में धनुष ने थिरु का किरदार निभाया। वह एक डिलीवरी बॉय होते हैं। थिरु अपने दादा (भारतीराजा) के साथ अच्छा तालमेल रखता है। मगर अपने पिता (प्रकाश राज) के साथ संबंध बनाने में संघर्ष करता है, जो एक पुलिस अधिकारी है।



# मुझे ओवर एक्सपोजर का डर नहीं सताता

मनोरंजन जगत में तकरीबन 15 साल का वक्त बिता चुकी रसिका दुग्गल कई अहम फिल्मों और लोकप्रिय वेब सीरीज का हिस्सा रही हैं। मिर्जापुर 3 के बाद वे चर्चा में हैं जासूसी थ्रिलर शेखर होम से। रसिका दुग्गल ने मिर्जापुर की बिना के रूप में काफी शोहरत पाई। मगर सीजन 3 में उन्हें उतना स्क्रीन टाइम नहीं मिला। वे कहती हैं, किसी सीजन में आप कम दिखें, तो स्टोरी की डिमांड हो सकती है। कहानी किसी और डायरेक्शन में जा रही है, तो वह एंगल अगर मजबूत है, तो कोई समस्या नहीं है। मैं अपने बारे में न सोचकर, कहानी के बारे में सोचती हूं। हर एक अच्छा एक्टर यही सोचता है। मुझे कोई प्रॉब्लम नहीं है कि स्क्रीन टाइम कम है। मेरी चिंता किरदार के प्रभाव को लेकर ज्यादा होती है और मैं समझती हूं कि बीना का इंपैक्ट हर सीजन में बहुत अच्छा रहा है।

## बीना का रोल सामने से मांगा

आज जिस भूमिका ने रसिका को घर -घर लोकप्रिय किया। वह भूमिका उन्होंने खुद जाकर मांगी थी। वे कहती हैं, सीजन वन में करण और अंशुमान भी जुड़े थे इस प्रोजेक्ट से। तो किसी ने मुझे बताया कि वो शो लिख रहे हैं। मैंने कहा, ठीक है, वो मुझे जानते हैं, तो मेरे लिए कुछ रोल होगा तो बोल देंगे। तो मुझसे कहा गया कि ऐसा नहीं होता, याद दिलाना पड़ता है। मुझे शर्म आ रही थी रोल मांगने में, मगर मैंने शर्म को त्याग कर फोन किया। मेरे दिमाग में था कि अगर वो मुझे कास्ट नहीं करना चाहेंगे, तो उनके लिए मुझे ना बोलना काफी मुश्किल हो जाएगा।

## तब मेरी ग्रोथ मार खा जाएगी

बीते कुछ समय से रसिका ओटीटी पर काफी नजर आ रही हैं। हाल ही में उनकी फिल्म फेयरी फोक भी आई थी और ओटीटी पर मिर्जापुर 3 के साथ-साथ शेखर होम में भी दिखीं। क्या उन्हें ओवर एक्सपोज होने का डर नहीं सताता? के सवाल पर वे कहती हैं, नहीं, मुझे यह डर नहीं लगता है। अगर मैं यह डर लेकर बैठ जाऊं, तो कहीं न कहीं मेरी एक्सप्लोरेशन और एक्सपेरिमेंट मार खा जाएगी। एक हद तक यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपना किरदार अच्छे से निभाऊं। अगर मुझे उसमें कुछ नया करने का मौका मिल रहा है, तो मैं पीछे नहीं हटूंगी। अब यह सोचकर कि ओवर-एक्सपोज जाऊंगी और काम बंद कर दूं, तो ये ठीक नहीं होगा। एक एक्टर के तौर पर, अगर मैं इस स्ट्रेटजी में उलझ जाऊं, तो मेरी क्रिएटिविटी और ग्रोथ मार खा जाएगी।

## जासूसी में फेलूदा पसंदीदा है

रसिका दुग्गल की हालिया सीरीज शिकार होम एक जासूसी सीरीज है। रसिका कहती हैं, मैं जासूसी स्पेस को बहुत इंजॉय करती हूं। मगर डिटेक्टिव कहानियों में मुझे फेलूदा का किरदार बहुत भाता है। सत्यजीत रे रचित इस किरदार में जासूसी की इ अलग दुनिया है। फेलूदा को तो मैं घोट कर पी गई हूं। इस तरह की जासूसी दुनिया का अपना मजा होता है, आप तब तक बंधे रहते हैं, जब तक की गुत्थी सुलझ नहीं जाती। हालांकि मैंने अपनी जिंदगी में कभी जासूसी नहीं की, मगर मैं कह सकती हूं कि मेरा पूर्वाभास कमाल का है। मुझे कई चीजों का अंदाजा हो जाता है।

# ऊंचाई को दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिलने पर गदगद हुईं परिणीति चोपड़ा

साल 2022 की फिल्म ऊंचाई को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा में बड़ा मौका मिला क्योंकि इसने दो श्रेणियों में जीत हासिल की। सूरज बड़जात्या ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता, जबकि नीना गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का खिताब दिया गया। फिल्म की बड़ी जीत पर प्रतिक्रिया देने से परिणीति चोपड़ा भी खुद को रोक नहीं पाई हैं। अभिनेत्री भी इस फिल्म का हिस्सा हैं और प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करने पर अपनी टीम पर गर्व व्यक्त करती नजर आई हैं। परिणीति चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सूरज बड़जात्या और नीना गुप्ता की उपलब्धियों के बारे में जानकारी साझा की। ऊंचाई से एक तस्वीर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, गर्व (मुस्कुराता चेहरा और हाथ जोड़ने वाली इमोजी)। ऊंचाई एक एडवेंचर ड्रामा फिल्म है जिसमें अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, बोमन ईरानी, डैनी डेन्जोंगपा, नीना गुप्ता, परिणीति चोपड़ा और सारिका जैसे कलाकार शामिल हैं। 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा के बाद, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक विजेता सूरज बड़जात्या ने एक इंटरव्यू में कहा, 2022 के दौरान देश ने सिनेमा में जो सर्वश्रेष्ठ देखा है, उनमें से सम्मानित होने पर मैं आभारी हूं। उन्होंने अपनी खुशी और कृतज्ञता की भावना के बारे में साझा किया।



# शेखर होम में जासूसी के बाद अब मुर्शीद में खूंखार गैंगस्टर बनकर लौट रहे के के मेनन

शेखर होम जैसी जबरदस्त वेब सीरीज देने के बाद एक्टर के के मेनन अब एक और धांसू सीरीज में नजर आने वाले हैं, जिसका नाम है मुर्शीद। मेकर्स ने हाल ही इसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया, जिसमें के के मेनन के साथ एक्टर तनुज विरवानी भी नजर आ रहे हैं। इस वेब सीरीज की अनाउंसमेंट साल 2021 में की गई थी। के के मेनन ने जहां ह्रअ्र प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज हुई शेखर होम में एक जासूस का रोल निभाया, वहीं मुर्शीद में वह खूंखार रोल में दिखेंगे। मुर्शीद को 30 अगस्त को स्ट्रीम किया जाएगा। मेकर्स ने इसका पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर कर लिखा है, ये बॉम्बे है मेरी जान, और यहां सरताज-ए-बंबई उर्फ मुर्शीद भाई का सिक्का चलता है।

मुर्शीद की कास्ट और के के मेनन का रोल इस सीरीज में के के मेनन और तनुज विरवानी के अलावा जाकिर हुसैन, अनंग देसाई, वेदिका भंडारी और राजेश श्रृंगारपुरे नजर आएंगे। यह एक गैंगस्टर-ड्रामा है, जिसमें के के मेनन गैंगस्टर बने हैं। उनका लुक काफी खतरनाक लग रहा है। मुर्शीद के पोस्टर में वह लंबे बाल, सफेद दाढ़ी में नजर आ रहे हैं, और हाथ में पिस्तौल है। वहीं, तनुज विरवानी एक पुलिस अफसर के रोल में होंगे। मेकर्स ने अभी तक मुर्शीद की स्टोरीलाइन रिवील नहीं की है, बस इतना पता चला है कि इस गैंगस्टर-ड्रामा की कहानी मुंबई के इर्द-गिर्द होगी।

## मिलन लूथरिया ने डायरेक्ट की है मुर्शीद

मुर्शीद को मिलन लूथरिया ने डायरेक्ट किया है। इससे पहले उन्होंने मुंबई के गैंगस्टर पर आधारित दो फिल्में बनाई थीं। ये थीं वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई और वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा। उन्होंने सुल्तान ऑफ दिल्ली नाम की एक सीरीज भी डायरेक्ट की थी।






# सूर्या की कंगुवा से भिड़ेगी रजनीकांत की वेट्टैयन

**रजनीकांत की वेट्टैयन इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए सुपरस्टार ने निर्देशक टीजे ज्ञानवेल के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म की शूटिंग रजनीकांत पहले ही खत्म कर चुके हैं, जिसकी जानकारी उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए दी थी। वहीं, अब प्रशंसकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज डेट का इंतजार है। आखिरकार अब निर्माताओं ने प्रशंसकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है।**

उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है। निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के एलान के साथ फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें पुलिस रजनीकांत के किरदार की झलक देखने को मिली है। निर्माताओं ने एलान किया है कि वेट्टैयन इस साल 10 अक्तूबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हालांकि, खबरों के अनुसार, फिल्म की रिलीज डेट का पता पहले ही चल गया था, जिसकी जानकारी रजनीकांत ने अपने आध्यात्मिक दौरे के दौरान दी थी, लेकिन अब निर्माताओं ने इस पर मुहर लगा दी है। फिल्म के नए पोस्टर में रजनीकांत पुलिस की वर्दी पहने धांसू अंदाज में नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने काला चस्मा भी पहना हुआ है। पोस्टर पर प्रदर्शन कर रहे लोगों की भीड़ भी दिखाई गई है। प्रशंसक रिलीज डेट के एलान के बाद से उत्साहित हैं और फिल्म के नए पोस्टर पर जमकर अपना प्यार बरसा रहे हैं। इससे पहले बीते दिन निर्माताओं ने पोस्ट साझा कर जानकारी दी थी कि वे आज, सोमवार को सुबह 10 बजे फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण घोषणा करेंगे। वेट्टैयन का निर्देशन जय भीम फेम फिल्म निर्माता टीजे ज्ञानवेल ने किया है, जो रजनीकांत के साथ उनका पहला सहयोग है। फिल्म लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है और इसमें अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत है। वेट्टैयन कई दिग्गज सितारों से सजी फिल्म होगी, जिसमें विभिन्न उद्योगों के कलाकार शामिल होंगे। रजनीकांत और राणा दग्गुबाती के अलावा, वेट्टैयन में अभिनेता अमिताभ बच्चन, फहद फाजिल, राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य शामिल हैं।



# करण जौहर पर आरोप लगा बुरा फंसे अभिषेक बनर्जी? बयान साझा कर पेश की सफाई

स्त्री 2 और वेदा के अभिनेता अभिषेक बनर्जी ने हाल ही में खुलासा किया था कि वे अग्निपथ के कास्टिंग डायरेक्टर के पद पर काम कर रहे थे, लेकिन धर्मा प्रोडक्शन से निकाल दिया गया था। अब अभिनेता ने इस पर अपनी सफाई पेश की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके बयान की गलत व्याख्या की गई है। दरअसल अभिषेक ने किस्सा साझा करते हुए बताया था, अग्निपथ से हमने निकाल दिया था। अग्निपथ की कास्टिंग हम लोग कर रहे थे, बाद में जोगी भाई आए। क्यों निकाल दिया? क्योंकि वो कास्टिंग करण सर को पसंद नहीं आई, उनको पसंद नहीं आई, क्योंकि हम लोग कुछ ज्यादा ही अनुराग कश्यप वाले अभिनेता ला रहे थे, जो हमारे जैसे ही थे, जो उन्हें पसंद नहीं आया। फिर उन्होंने बोला कि निकल जाओ हमारी फिल्म से। मुझे लगा करियर बर्बाद, खत्म, धर्मा से निकल गए, अब हो गया सब खत्म, लेकिन शुक्र है कि मैं बच गया।

फिल्म का निर्माण करण जौहर ने किया था और करण मल्होत्रा ने इसका निर्देशन किया था, इसलिए यह स्पष्ट नहीं था कि उन्होंने किस करण की ओर इशारा किया था। अभिषेक ने अब स्पष्ट किया है कि उनका मतलब करण मल्होत्रा से था न कि जौहर से। अभिषेक ने एक बयान जारी किया, जिसमें लिखा था, इस हफ्ते मुझे दो रिलीज और एक विवाद का सामना करना पड़ा है। मैं अग्निपथ (2012) की कास्टिंग प्रक्रिया के दौरान धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा मेरी कंपनी कास्टिंग बे को निकालने के बारे में बहुत सारी रिपोर्ट पढ़ और सुन रहा हूं।

अभिषेक ने आगे कहा, दुर्भाग्य से इस स्थिति को मेरे द्वारा आरोप लगाने के रूप में पूरी तरह से गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। एक पॉडकास्ट में मैंने अपनी बर्खास्तगी का कारण बताया था, यह स्वीकार करते हुए कि मैं अग्निपथ के लिए निर्देशक करण मल्होत्रा के विजन के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ था। मैंने इस बात पर भी जोर दिया कि उस समय अनमोल और मैं काफी युवा थे, लगभग 20 से 23 साल के और किसी बड़ी कमर्शियल फिल्म के लिए कास्टिंग का बहुत कम या बिल्कुल भी अनुभव नहीं था, जिसके कारण शायद हमने प्रोजेक्ट के लिए मिस्टर मल्होत्रा की आवश्यकताओं की गलत व्याख्या की।

अभिषेक ने कहा कि मैंने धर्मा प्रोडक्शंस पर किसी भी तरह के गलत काम का आरोप नहीं लगाया है। वास्तव में, मेरे मन में धर्मा प्रोडक्शंस और करण जौहर के लिए गहरा सम्मान है। मैंने हमारी निकाले जाने के संबंध में कभी भी करण जौहर का उल्लेख नहीं किया, फिर भी कुछ रिपोर्टों में गलत दावा किया गया है कि उन्होंने ही हमें निकाला था। यह निर्णय वास्तव में मिस्टर मल्होत्रा की टीम द्वारा लिया गया था और मैंने अपनी गलतियों को स्वीकार किया। मैंने यह कहानी युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए साझा की कि भले ही आप असफल हों या किसी बाधा का सामना करें, आप हमेशा वापस उछल सकते हैं, जैसा कि मैंने किया। मैंने धर्मा के साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया, जिसमें ओके जानू, स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2, कलंक और हाल ही में रिलीज हुई किल और ग्यारह ग्यारह शामिल हैं। इसके अलावा, धर्मा ने मुझे अजीब दास्तां में एक अभिनेता के रूप में भी कास्ट किया।

# मुझे फिल्मों से हटना है, रिया चक्रवर्ती के शो में भावुक हुए आमिर खान

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले सुपरस्टार आमिर खान कई बार फिल्मों से संन्यास लेने का संकेत दे चुके हैं और अक्सर वे इस बारे में बात भी करते नजर आए हैं। रविवार को अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने अपने पॉडकास्ट चैप्टर 2 के आगामी एपिसोड का टीजर जारी किया। प्रोमो में आमिर खान और रिया के बीच बातचीत देखने को मिली। इस दौरान उन्होंने अपने स्टारडम के बारे में बात करने से लेकर फिल्मों पर विस्तार से चर्चा की। आमिर ने बताया कि वे फिल्मों से खुद को अलग करना चाहते हैं। आमिर ने कहा, मुझे फिल्मों से हटाना है। जवाब में रिया ने कहा, झूठ तो इस पर आमिर ने जवाब दिया, नहीं मैं सच बोल रहा हूं। एक समय पर आमिर भावुक भी हो गए। उन्हें आंसू बहाते और कुछ कहने से पहले रुकते हुए देखा गया। उन्हें यह कहते हुए सुना गया, वहां से मेरा चैप्टर 2 शुरू हुआ... 2022 में अपनी फिल्म लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद आमिर ने अभिनय से ब्रेक लेने की घोषणा की।



# मक्कारों पर चला प्राधिकरण के सीईओ का चाबुक

## अवर अभियंताओं का रोका वेतन, प्रबंधक व वरिष्ठ प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने मंगलवार को एमपी-1, एमपी-2 , डीएससी और एमपी-3, निठारी और अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने एमपी-1 मार्ग पर फुटपाथ अनुरक्षित नहीं मिले। फुटपाथ को सही किया जाए। सेक्टर-27 कैंब्रिज स्कूल के सामने टी प्वाइंट को विकसित करने के लिए उद्यान विभाग को निर्देशित किया। क्रैंब्रिज के सामने सड़क पर जून में बिटमिन सर्फेस किया गया था। वहां सड़क खस्ताहाल मिली। सड़क का लेवल ठीक नहीं था। ऐसे में संविदाकार पर एफआईआर और एक्त संविदाकार को ब्लैक लिस्ट करने के लिए कहा गया। साथ ही संबंधित अवर अभियंता का दो माह का वेतन रोकने प्रबंधक को कड़ी चेतावनी और वरिष्ठ प्रबंधक को स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया। एम.पी.-2 मार्ग पर सेक्टर-30, 26 एवं निठारी के मध्य टी-प्वॉइंट को विकसित करने हेतु उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त ग्राम निठारी के सामने अत्यधिक मात्रा में सड़क पर गार्बेज पड़ा हुआ पाया गया, जिसके दृष्टिगत उक्त मार्ग की सफाई हेतु नियुक्त संस्था एजी एन्वायरो पर रु0 2.00 लाख की पेनल्टी लगाने एवं सम्बन्धित स्वास्थ्य निरीक्षक के दो माह का वेतन अवरुद्ध करने हेतु निर्देशित किया गया।

एम.पी.-2 मार्ग से शशि चौक तक सेक्टर-30 एवं ग्राम निठारी के मध्य मार्ग पर सेन्ट्रल वर्ज भलीभांति अनुरक्षित नहीं पायी गई। डीएससी मार्ग पर सेक्टर-42 की ओर फुटपाथ एवं पैरापिट वॉल क्षतिग्रस्त पाई गई। जिसके सम्बन्ध में पूर्व में दिये गये निर्देशानुसार उक्त फुटपाथ एवं पैरापिट वॉल का अनुरक्षण किये जाने हेतु वर्क सर्किल-3 को निर्देशित किया गया।

सेक्टर-42 में 5 प्रतिशत आबादी भूखण्डों के सामने खाली पड़ी जगह पर गंदगी पायी गई, जिसके दृष्टिगत उक्त स्थल की 3 दिन में सफाई कराते हुए फोटोग्राफ के साथ कृत कार्यवाही से अवगत कराने हेतु जनस्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया। साथ ही उक्त अव्यवस्था के लिए सम्बन्धित स्वास्थ्य निरीक्षक के दो माह का वेतन अवरुद्ध करने। संविदाकार पर 1 लाख की पेनल्टी लगाने के लिए कहा गया। सेक्टर-42 व 48 के मध्य मार्ग पर अत्यधिक मात्रा में गड्ढे मिले। सिविल विभाग के अवर अभियन्ता का 2-2 माह का वेतन रोकने और प्रबन्धक को कड़ी चेतावनी जारी करने एवं सम्बन्धित वरिष्ठ प्रबन्धक को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने एम.पी.-3 मार्ग का निरीक्षण किया गया, जहां सेक्टर-32 के समीप बायीं ओर सिटी सेन्टर अण्डरपास पर मिटटी जमा हुई तथा घास पायी गई। संविदाकार पर रु0 2 लाख पेनल्टी लगाने एवं सम्बन्धित स्वास्थ्य निरीक्षक का 2 माह का वेतन रोकने हेतु निर्देशित किया गया।

### ठेकेदार कंपनियों पर 5 लाख का जुर्माना



# 81 होमगार्ड्स की टीम लखनऊ रवाना, डीएम ने दी हरी झंडी

**नोएडा (चेतना मंच)।** लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आज से 1 सितंबर तक आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। ग्रेटर नोएडा स्थित जिला मुख्यालय से डीएम मनीष कुमार वर्मा ने आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जनपद गौतमबुद्ध नगर के 81 होमगार्ड्स की टीम आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया।

जिला कमांडेंट होमगार्ड्स अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 21 अगस्त से 1 सितंबर 2024 तक राज्य आपदा मोचन बल उत्तर प्रदेश लखनऊ में आपदा मित्र प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित अहर्ताएं पूर्ण करने वाले इस जनपद के 80 पुरुष एवं 20 महिला होमगार्ड को स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र सहित मुख्यालय उत्तर प्रदेश राज्य आपदा मोचक बल लखनऊ में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके सापेक्ष जनपद के 77 पुरुष एवं 4 महिला होमगार्ड्स को मेडिकल परीक्षण कराने के उपरांत आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई गई बसों के माध्यम से लखनऊ भेजा गया।




# ग्रेनो वेस्ट सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ने की बैठक



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेनो वेस्ट सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक सेक्टर-3 पर आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष विनोद कसाना ने की, और संचालन महामंत्री प्रमोद कुमार प्रजापति ने किया।

बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष चैधरी उदयवीर सिंह ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के अध्यक्ष से मिलकर समस्याओं का समाधान करवाएंगे। इसके अतिरिक्त, सभी ब्लॉकों की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन को साथ लेकर और हाई राइज बिल्डर फ्लैट्स से संपर्क कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

बैठक में श्याम सिंह चैधरी, सुधीर त्यागी, सुरेश शर्मा, महावीर शर्मा, पप्पू भाटी, रविंदर भाटी, मंतवीर एडवोकेट, ओम सिंह पवार, डॉ. शैलेंद्र प्रजापति, बलराज सिंह विधूड़ी, चैधरी गजराज सिंह, हेमराज सिंह सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे और अपने विचार साझा किए।

# आकर्षण का केन्द्र बनी नोएडा मीडिया क्लब में फोटो प्रदर्शनी




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा मीडिया क्लब द्वारा आयोजित फोटो प्रदर्शनी के तीसरे दिन शहर के लोगों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर इस कला महोत्सव का लुत्फ उठाया। प्रदर्शनी में दिल्ली एनसीआर के 24 प्रमुख फोटोग्राफरों द्वारा खींची गई तस्वीरों का प्रदर्शन किया जा रहा है। 18 अगस्त को शुरू हुई प्रदर्शनी का उदघाटन सांसद डा. महेश शर्मा ने किया था।

फोटो प्रदर्शनी को देखने पहुंचने वालों में योगेंद्र शर्मा अध्यक्ष फ़ोनरवा, बंनदीप सिंह ग्रुप फोटो एडिटर इंडिया टुडे, प्रभाकर तिवारी चीफ फोटो रिसर्चर इंडिया टुडे, ईशान तनखा वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट, मनी शर्मा वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट एएफ़पी, सुशील कुमार पूर्व चीफ फोटोग्राफर हिंदुस्तान आदि प्रमुख थे।

इस मौके पर पंकज पाराशर (वरिष्ठ पत्रकार), रिंकू यादव (वरिष्ठ पत्रकार), जेपी सिंह (वरिष्ठ पत्रकार),अरुण सिन्हा (वरिष्ठ पत्रकार), इकबाल चौधरी (वरिष्ठ पत्रकार), हरवीर चौहान (वरिष्ठ पत्रकार),रवि यादव (फोटो जर्नलिस्ट), के आसिफ (फोटो जर्नलिस्ट), मोहित उपाध्याय (ष्टस्ब्ष्ठ वर्टिकल),प्रमोद शर्मा, ईश्वर चंद, जितेंद्र सिंह, आशीष भार्गव (संस्थापक नोएडा ग्राम ब्लॉग) आदि लोग मौजूद रहे।

# राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई




**नोएडा (चेतना मंच)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 80वीं जयंती पर महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा के अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में सैक्टर-15 स्थित नया बांस पर सद्भावना दिवस के रूप में मनाई।

महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा के कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और श्रृद्धांजलि अर्पित की।

महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि आज देश सद्भावना दिवस मना रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री, राजीव गाँधी, भारत के महान सपूत थे। उन्होंने करोड़ों भारतीयों में आशा की किरण जगाई और अपने अभूतपूर्व योगदान से भारत को 21वीं सदी में पहुँचा दिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य दिनेश अवाना एडवोकेट ने कहा कि मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति, कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रमराजीव गांधी की देन है। इस मौके पर अखिल भारतीय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग राष्ट्रीय ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर हिमाचल प्रदेश प्रभारी लियाकत चौधरी, पूर्व अध्यक्ष नोएडा कांग्रेस शहाबुद्दीन, परमवीर लोहिया, सलमान, नसीम, इकबाल, इकरार नबी, रिशू, देव कुमार, शेखर अग्रवाल, भारत सिंह चौहान, पप्पू, ज्ञानेंद्र, प्रेम शाह, बबली, ज्योति, मुस्कान व अन्य लोग मौजूद रहे।

# तमंचा लेकर घूम रहा था बदमाश

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर पुलिस ने एक बदमाश को तमंचे सहित गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम को तिलपता गांव की तरफ से सर्विस रोड पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में आता हुआ दिखाई दिया। पुलिसकर्मियों को देखकर उक्त व्यक्ति रास्ता बदलकर जाने लगा। संदेह के आधार पर पुलिसकर्मियों ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम भारत पुत्र महिपाल निवासी ग्राम तिलपता बताया।

# डॉ संगीता शर्मा को ग्लोबल आइकन पुरस्कार

**नोएडा (चेतना मंच)।** वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता शर्मा को कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा पंजीकृत ग्लोबल आइकन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। डॉ. संगीता शर्मा वर्तमान में नोएडा के फेलिक्स अस्पताल के स्त्री रोग विभाग की प्रमुख हैं।

बता दें कि डॉ संगीता ने जूनियर रेसीडेंसी लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल, मौलाना आजाद मेडिकल हॉस्पिटल से की है। उन्होंने डीएनबी सेंट स्टेफान हॉस्पिटल से की। डॉ संगीता ने एम्स में बतौर रिसर्च ऑफिसर काम किया। सीनियर रेसीडेंसी उन्होंने दादा देव देव देवता गवर्नमेंट हॉस्पिटल से की।

नोएडा के सेक्टर 37 निवासी, डॉ संगीता ने खुद को मिले सम्मान व प्रशस्ति पत्र को अपने जेठ शहीद कैप्टन शशि कांत शर्मा व माता पिता को समर्पित किया। डॉ संगीता मातृभूमि पर कुर्बान होने वाले शहीद कैप्टन शशिकांत शर्मा के छोटे भाई नरेश शर्मा की पत्नी है।




# चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट, 3 गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की बाइक, चोरी का मोबाइल फोन व दो चाकू बरामद हुए हैं।




थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम ग्लोबल तिराहे पर बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि तीन बदमाश एक पल्सर बाइक पर सवार होकर सेक्टर-61 मेट्रो स्टेशन होते हुए पृथला की तरफ जाने वाले हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने सेक्टर-61 मेट्रो स्टेशन के पास बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी। काली पल्सर बाइक पर आ रहे तीन युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर उन्हें डंपिंग ग्राउंड के पास दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से एक-एक चाकू व मोबाइल फोन बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम शानू उर्फ रोहित पुत्र पप्पू, अरबाज पुत्र इस्लाम व करण पुत्र मुकेश बताया। तीनों बदमाशों ने स्वीकार किया कि उक्त बाइक व मोबाइल फोन चोरी के है। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उन्होंने यह बाइक नोएडा से चोरी की थी। पुलिस से बचने के लिए उन्होंने इस बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगा रखी थी। पकड़े गए चोरों ने चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

# मॉडर्न स्कूल ने मनाया अलंकरण समारोह



**नोएडा (चेतना मंच)।** मॉडर्न स्कूल नोएडा ने अपने भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन भव्यता के साथ किया।

इस भव्य अवसर पर मुख्य अतिथि, सी.बी.एस.ई क्षेत्रीय कार्यालय की संयुक्त सचिव उर्मिला आर्य की उपस्थिति ने छात्रों व अभिभावकों को ऊर्जावान वातावरण प्रदान किया। समारोह की शुरुआत सम्मानित अतिथियों के हार्दिक स्वागत से हुई, जिन्हें प्राचार्य डॉ. नीरज अवस्थी ने गुलदस्ते भेंट किए। कार्यक्रम की सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ाते हुए, मॉडर्नाइट्स ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले लोक नृत्य प्रदर्शन, भारत की समृद्ध विरासत का एक जीवंत प्रदर्शन के साथ मंच पर प्रस्तुत किये। पारंपरिक पोशाक में सजे हुए सभी छात्रों ने अपने लयबद्ध नृत्य और रंगीन वेशभूषा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके मनमोहक और जोशीले प्रदर्शनों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को उकेरा, जिससे दर्शक उनकी प्रतिभा और समर्पण से आश्चर्यचकित रह गए।

समारोह के माध्यम से छात्रों में नेतृत्व, जिम्मेदारी व एकता के भाव को बढ़ाने का प्रयास किया गया।




